

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

**सब पर नजर, सटीक खबर**

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | गुरूवार, 17 अक्टूबर 2024 | वर्ष: 01, अंक: 234, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## हरियाणा की कमान नायब सैनी के हाथों में ही रहेगी, विधायक दल की बैठक में लगी नाम पर मुहर

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में बुधवार को पंचकूला स्थित भाजपा मुख्यालय में विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया।

उल्लेखनीय है कि पंचकूला में ही अमित शाह ने विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए नायब सैनी को हरियाणा में भाजपा का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया था। नायब सैनी इस बार अपना पुराना हलका नारायणगढ़ छोड़कर लाडवा से चुनाव लड़े और उन्होंने कांग्रेस के



मेवा सिंह को 16,054 मतों से हराया था। विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए आज केंद्रीय पर्यवेक्षक गृहमंत्री अमित शाह तथा मोहन यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में नरवाना से विधायक कृष्ण बेदी तथा अंबाला छावनी से विधायक अनिल विज ने नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुनने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी विधायकों ने स्वीकार करते हुए पारित कर दिया।

अमित शाह ने नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुने जाने का औपचारिक ऐलान किया। करीब 15 मिनट की बैठक में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुनने के संबंध में फैसला लिया गया। इससे पहले वर्ष 2019 में वरिष्ठ नेता अनिल विज और कंवर पाल तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रस्तावक बने थे। तत्कालीन केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में आये थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल, बिप्लब कुमार देब, सतीश पूनिया, भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सहित तमाम बड़े नेता मौजूद थे।

**समारोह में पीएम समेत 37 लोग विशेष अतिथि होंगे**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बताया, समारोह में पीएम मोदी समेत 37 विशेष अतिथि होंगे।

इनमें केंद्रीय मंत्री, एनडीए घटक दल के राष्ट्रीय नेता, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री शामिल हैं। हम लोग सभी के संपर्क में हैं और सौ फीसदी हाजिरी पूरी होगी।

## इजराइल के राजदूत पहुंचे अयोध्या, रामलला के दर्शनकर हुए भावविभोर

**एजेंसी**

**अयोध्या।** भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आज यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलाल के दर्शन किए। उनके साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय भी रहे। प्रभु श्रीराम के दर्शन कर भावविभोर हुए अजार ने कहा कि वह अयोध्या में भगवान राम के इस भव्य मंदिर के दर्शन कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वह यहां पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की अपार संख्या को देखकर प्रभावित हैं। यह हिंदू आस्था के लिए इस स्थान के महत्व का प्रमाण है। रूवेन अजार ने कहा भारत की तरह इजराइल की भी अपनी प्राचीन धार्मिक विरासत है। सचमुच भक्ति से ताकत मिलती है। वह प्रभु राम के प्रति



तीर्थयात्रियों की भक्ति देखकर प्रभावित हैं। श्रीराम जन्मभूमि पहुंचने पर रूवेन अजार का ट्रस्ट ने स्वागत कर स्मृति चिह्न और प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्र भी उपस्थित रहे। उन्हें मंदिर के निर्माण में लगाए जा रहे पत्थरों को भी दिखाया गया।

## जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत, दो बीमार

**छपरा।** बिहार के सारण जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य बीमार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सारण जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार यह घटना जिले के मशरख थाना अंतर्गत इब्राहिमपुर इलाके में हुई। बयान में कहा गया, 'संदिग्ध तौर पर जहरीली शराब पीने से हुई मौत की सूचना मिलने पर पुलिस बुधवार सुबह मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। दो अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। मामले की आगे जांच की जा रही है।' अप्रैल 2016 में नीतीश कुमार सरकार ने बिहार में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया था। शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाए जाने के बावजूद राज्य से शराब की तस्करी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। बिहार सरकार ने हाल ही में स्वीकार किया है कि अप्रैल 2016 में शराबबंदी लागू होने के बाद से राज्य में अवैध शराब पीने से 150 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## कच्ची कॉलोनियों में रहने वालों को अब बिजली कनेक्शन बिना एनओसी के मिलेगा : आतिशी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली की कच्ची कॉलोनी में रहने वालों को बड़ी राहत देते हुए यह घोषणा की है कि अब उन्हें बिजली कनेक्शन बिना एनओसी के भी मिलेगा।

आतिशी ने बताया है कि दिल्ली में 1731 कच्ची कॉलोनियां हैं और दस साल पहले यहां बहुत बुरा हाल था। लेकिन जब अरविंद केजरीवाल की सरकार बनी तो यहां तमाम सुविधाएं दी गई और यहां रहने वाले लोगों का जीवन सुलभ हो गया। मगर पिछले एक साल से यहां रहने वाले लोगों को भाजपा की डीडीए की वजह से बिजली कनेक्शन लेने में दिक्कत आ रही है। डीडीए ने आदेश जारी किया कि बिना डीडीए की एनओसी के 1731 कच्ची कॉलोनियों में रहने वालों को बिजली कनेक्शन नहीं मिलेगा।

आतिशी ने बताया कि अब दिल्ली की आप सरकार ने फैसला लिया है कि इन 1731 कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बिजली कनेक्शन और मीटर के लिए किसी भी तरह की एनओसी की जरूरत नहीं होगी। इस बारे में





डिस्कॉम को आदेश दे दिये गये हैं। डीडीए ने आदेश निकाला था कि बिजली कनेक्शन के लिए कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को एनओसी चाहिये होगा। इससे लोग दर-दर भटक रहे थे और कनेक्शन नहीं मिल पा रहा था। वहीं जो डीडीए के अधिकारियों को रिश्वत दे रहा था, उसे कनेक्शन मिल जाता था।

आतिशी ने कहा है कि अब दिल्ली सरकार ने डिस्कॉम को आदेश दे दिए हैं कि अब बिजली कनेक्शन के लिए किसी भी तरह की एनओसी की आवश्यकता नहीं होगी। डीडीए ने आदेश निकाला था कि बिजली कनेक्शन के लिए कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को एनओसी चाहिये होगा। इससे लोग दर-दर भटक रहे थे और कनेक्शन नहीं मिल पा रहा था।

## वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की हरियाणा सरकार को फटकार

### पराली जलाने वालों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतरा रही सरकार?

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर गंभीर चिंता जताते हुए हरियाणा सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायालय ने पराली जलाने की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई न करने को लेकर सरकार से सवाल पूछे और कहा कि सरकार पराली जलाने वाले किसानों और जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतरा रही है। कोर्ट ने हरियाणा सरकार को इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब देने के लिए कहा है और जल्द ही ठोस कदम उठाने की बात कही है।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को अपने पिछले आदेश का पालन न करने पर फटकार लगाई और चेतावनी दी कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो वह हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना ??का मामला दर्ज करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि राज्य सरकार



पराली जलाने के लिए लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतरा रही है और लोगों पर मामूली जुर्माना लगाकर उन्हें छोड़ क्यों रही है। इसरो आपको वह स्थान बता रहा है जहां आग लगी थी और आप कहते हैं कि ापको कुछ नहीं मिला, सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा से कहा। हर साल अक्टूबर-नवंबर के महीने में हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में पराली जलाने की घटनाएं होती हैं, जिससे दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर रूप से खराब हो जाती है। पराली जलाने से निकलने वाले धुएं के कारण लोगों को सांस की समस्याएं और अन्य स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने में नाकाम रही है। कोर्ट ने यह पूछा कि पराली जलाने वालों पर मुकदमा दर्ज करने में आखिरकार सरकार इतनी ढिलाई क्यों बरत रही है। यह स्थिति न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी भारी पड़ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि वह जल्द से जल्द पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कारगर कदम उठाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। कोर्ट ने सरकार को स्पष्ट रूप से कहा कि इस मुद्दे पर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एनएसजी के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) के स्थापना दिवस पर जवानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में एनएसजी के योगदान पर हर देशवासी को गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा है, एनएसजी स्थापना दिवस के अवसर पर भारत राष्ट्र की सुरक्षा में उनके अटूट समर्पण, साहस और दृढ़ संकल्प के लिए सभी एनएसजी कर्मियों को सलाम करता है। हमारे राष्ट्र को खतरों से बचाने की उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। वे वीरता और व्यावसायिकता का प्रतीक हैं।

## 'कुव्यवस्था हारेगी, जनता विजयी होगी'

**रांची। चुनाव आयोग द्वारा** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किए जाने पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव कुशासन के खिलाफ एक लड़ाई है, जिसे हमें जीतना है।


सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

College Code : 01083

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्रा० इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र राजनीति विज्ञान, उर्दू, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र





M.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्रा० इतिहास

B.Sc. Agriculture B.Com/M.Com

B.Sc./M.Sc./D.El.Ed. (BTC) B.Pharma/D.Pharma

LL.B. B.A. L.L.B (प्रस्तावित) I.T.I. (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा)



संजय शुक्ल
प्रबंधक

छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध

Mob. 9451181332, 9956930129

# साइबर पुलिस द्वारा साइबर अपराध से बचाव के सम्बन्ध में किया जागरूक

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० लखनऊ द्वारा बढ़ते हुए साइबर क्राइम अपराध से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, कॉलेजो व अन्य सार्वजनिक स्थानों में साइबर अपराध से जागरूक करने हेतु निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में बुधवार को ट.श. उङ्गल्ल५ील्ल३ स्कूल ओसा मंझनपुर कौशाम्बी के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं व बच्चो को साइबर जागरूकता कार्यक्रम साइबर क्राइम थाना टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के साइबर सम्बन्धित अपराध के बारे में बताया व जागरूक किया गया और गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही साईबर हेल्प लाईन नंबर 1930 व ६६६.८ी१ू१्री.ॅ्न्न५.ल्ल के बारे में जानकारी दी गई, जिस पर तत्काल कॉल वा वेबसाईट में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिससे आमजनमानस साइबर फ्रॉड से बच सके। कार्यशाला में बताया गया कि प्रलोभन में आने के चलते लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई खो बैठते हैं। इसलिए किसी भी प्रलोभन में न आएं। उन्होंने बैंक से संबंधित, क्यूआर कोड स्कैन, वाट्सएप हैक, ओएलएक्स के माध्यम से ठगी, केवाइसी, हनी



ट्रेपिंग, डुप्लीकेट एप, आनलाइन लोन स्कैम, केबीसी, इंटरनेट मीडिया से ठगी, एटीएम, सेक्सटार्शन, कंप्यूटर संबंधी फ्राड और बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी व साइबर ठगी होने पर 1930 पर सूचना देने की अपील की गयी। आज के दौर में सबसे ज्यादा हो रहे सेक्सटार्शन व न्यूड काल ब्लैकमेल गैंग के सदस्य फेसबुक पर खूबसूरत लड़की की फोटो लगाकर रखते हैं, सबसे पहले फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं फिर फ्रेंड लिस्ट में शामिल होते ही चैटिंग करना शुरू कर देते हैं इसके बाद बातों में फंसाकर वाट्सएप नंबर मांगते हैं, वीडियो काल से बात करने को कहते हैं, काल करने पर जैसे ही दूसरी तरफ से काल रिसीव होता है सामने न्यूड गर्ल दिखाई देने लगती है। इस दौरान काल करने वाले का वीडियो रिकार्ड कर लिया जाता है। इसके बाद ब्लैकमेल कर राशि मांगना का खेल शुरू हो जाता है।

इनकार करने पर रिकार्ड वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हैं, यही नहीं आज के दौर में जिनका मो0 नं0 आनलाइन पड़ा हुआ है उनको सीधे विडियो काल आ जा रही है जब तक हम कुछ समझ पाते है तब तक विडियो स्क्रिन रिकार्ड कर लेते है ऐसे में किसी भी अन्जान नम्बर से विडियो काल आने पर रिसीव ना करें, रिसीव भी करना हो तो कैमेरे पर अंगूठा रख दे। इसके अलावा अन्य साइबर सुरक्षा के बारे में बताया गया।

## जिलाधिकारी ने धान क्राप कटिंग का किया निरीक्षण



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कृषि संख्यिकी एवं फसल बीमा की गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए ग्राम-अम्बावा पश्चिम कें कृषक जय कुमर के खेत में किये जा रहे धान की क्राप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान फसल उपज की तौल भी कराया। जिलाधिकारी ने कृषक जय कुमार को पुष्प और अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने के उपरान्त जनपद में क्राप कटिंग की सुरूआत स्वयं फसल काटकर की। उत्पादकता एवं उत्पादन तथा क्षतिपूर्ति के आंकलन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत सी0सी0ई0एग्री ऐप के द्वारा क्राप कटिंग सम्पन्न करायी गयी।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र तिवारी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी मनोज कुमार मिश्र, नायब तहसीलदार मोबिन, राजस्व निरीक्षक कृष्णदेव त्रिपाठी, राजस्व लेखपाल अजीत सिंह, फसल बीमा के ब्लाक कोअर्डिनेटर सुधीर सिंह व ग्राम प्रधान पप्पू के साथ अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुलिस सैलरी पैकेज के तहत एसबीआई द्वारा प्रदत्त 75 लाख रुपये का चेक एसपी ने मृतक पुलिस कर्मी के आश्रित को प्रदान किया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रदत्त 75,00,000/-रुपये का दुर्घटना बीमा चेक पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा मृतक उ0नि0 राकेश सिंह के आश्रित को प्रदान किया गया। मृतक उ0नि0 की मृत्यु सड़क दुर्घटना में 03 मई 2024 को हो गई थी। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्रीय प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक श्रीमती अनामिका सिंह, शाखा प्रबन्धक हैदरगढ़ इन्द्रेश कुमार आनन्द व बैंक कर्मी सोमेश सिंह, सुरेश शाह, मयंक कुमार मौजूद रहे।

## 10 लाख कीमत की 11 कुंतल चोरी के बिजली की तार के साथ 05 चोरो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी।** बिजली के खंभे से बिजली की तार चोरी करने वाले गिरोह के 5 सदस्यो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, चोरों के पास से पुलिस ने 11 कुंतल चोरी की बिजली की तार बरामद की है,बरामद तारों की कीमत लगभग दस लाख बताई जा रही है सीएस इंफ्रा कन्सल्टेसं लिमिटेड जयन्ती पुर के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर व सरांय स्टोर प्रबन्धक द्वारा बिजली के तारो के चोरी होने की सूचना दिए जाने पर जांच के दौरान करारी थाना पुलिस टीम को नेवारी पुल के पास 02 लोडर वाहन संदिग्ध दशा में दिखाई दिये, जिन्हे ओवरटेक करके रोक लिया गया और तलाशी ली गयी तो भारी मात्रा में कम्पनी से चोरी गये बिजली के तार बरामद हुये ।
कम्पनी के अधिकारियों ने उक्त बरामद तार को पहचान कर सत्यापित किया।उक्त तार को चोरी कर चोर फतेहपुर ले जा रहे थे,पुलिस ने 05 चोरों को मौके से गिरफ्तार किया है व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया तथा दोनो वाहनो को मय माल के पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाना करारी लाकर दाखिल कर दिया और जांच में जुट गई।उल्लेखनीय है कि बारा ब्लाक कौशाम्बी के पास कम्पनी द्वारा रखे हुये बिजली तार की चोरी के सम्बन्ध में कम्पनी के अधिकारियों द्वारा 15.10.2024 को थाना कौशाम्बी पर विरेन्द्र कुशवाहा व उसके अन्य साथियो के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। कौशाम्बी पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर अथक प्रयास करते हुये चोरी सामग्री सहित चोरी में प्रयुक्त वाहनों की बरामदगी करते हुये 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया । अग्रिम विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया

## दहेज हत्या के आरोपी सास ससुर को कोर्ट ने सुनाई 10- 10 साल सजा,लगाया अर्थदंड

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी।** जिले में दहेज हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए मंगलवार को कोर्ट ने दोषी सास और ससुर को 10-10 साल कैद की सजा सुनाई है।कोर्ट ने दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।
सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बा निवासी मो. हुसैन ने अपनी बेटी शाहीन बेगम का निकाह पइंसा थाने के थोन गांव में अबुल अजीज उर्फ धुल्ला के बेटे से किया था। शाहीन का पति कमाई के सिलसिले में सऊदी अरब में रहता था। शाहीन घर पर सास-ससुर के साथ रहती थी। आरोप है कि दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर शाहीन की सास मेहरुनिशा व ससुर धुल्ला अक्सर उसे प्रताड़ित किया करते थे। 28 अक्तूबर 2013 को सास-ससुर ने शाहीन की हत्या कर उसका शव दफना दिया था। मृतका के पिता की तहरीर पर सास-ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदना दर्ज किया गया था विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय आभा पाल की कोर्ट में चला। शासकीय अधिवक्ता अनिल चौधरी ने वादी मुकदमा समेत 11 लोगों की अदालत में गवाही कराई। दोनों पक्षों को सुनने व पत्रावली में मौजूद साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद मंगलवार को कोर्ट ने आरोपी सास-ससुर को दोषी करार देते हुए 10- 10 की सजा और 10- 10 हजार रुपए का अर्थदंड का फैसला सुना दिया।

## फूलपुर में बस उतरते ही यात्री की मौत से घर में मचा कोहराम

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** शारीरिक रूप से बीमार चल रहा व्यक्ति इलाज कराकर घर वापस लौट रहा था। यात्री बस से उतरते ही फूलपुर थाने के पास सड़क पर गिर पड़ा और उसके प्राण पखेरू उड़ गये।अचानक हुई इस मौत से यात्रियों और राहगीरों में हड़कंप मच गया।उधर सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

# मंझनपुर, कोखराज पुलिस ने 3 वारण्टी दबोचे

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर मंझनपुर और कोखराज पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
थाना मंझनपुर पुलिस उ०नि० अरविन्द कुमार दुबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त शिव भवन पुत्र देवनाथ नि० डुडीबाग थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उ०नि० सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त ज्ञान चन्द उर्फ लालवा पुत्र दशरथ लाल नि० कल्याणपुर व वारण्टी अभियुक्त नफीस पुत्र बकरीद नि० सैलावी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।







# मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर ।** फूलपुर थाने की महिला उप निरीक्षक उपमा एवं काजल पटेल द्वारा बुधवार को फूलपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत कमिश्नरेट प्रयागराज गंगानगर जोन के थाना फूलपुर की मिशन शक्ति टीम द्वारा जिसमें शामिल उप निरीक्षक उपमा एवं उप निरीक्षक काजल पटेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर में महिलाओं को महिला सुरक्षा महिला सशक्तिकरण तथा केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं सुकन्या समृद्धि योजना विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन उज्जवला योजना कौशल विकास योजना सामूहिक विवाह आयुष्मान योजना वूमेन पावर लाइन 1090 यूपी 112 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 आदि के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया।

## नंदौत में रामलीला का मंचन आज से

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर ।** आदर्श रामलीला कमेटी नंदौत की सूचना अनुसार क्षेत्र पंचायत सदस्य आनंद सिंह एवं अमरनाथ साहू के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रामलीला का मंचन बृहस्पतिवार शाम से शुरू होकर 24 अक्टूबर तक मंचन किया जाएगा। रामलीला नारद मोह से लेकर लंका दहन रावण वध तक खेली जाएगी। रामलीला के सफल संचालन हेतु कमेटी का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष रविंद्र सिंह संचालक शिव शंकर गुप्ता बबलू मिश्रा निर्देशक सुशील कुमार गुप्ता श्रृंगार व्यवस्था श्याम मणि रजक, ध्वनि एवं प्रकाश दिनेश चंद्र साहू राजेश साहू आगंतुक व्यवस्था कमेटी के सदस्य एवं संरक्षक महबूब खान भाजपा नेता आदि का चयन सर्वसम्मत से किया गया।

# एसपी ने आमजन मानस व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा देवा मेला के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख चौराहों, बाजारों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा



आमजन मानस व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी सुश्री गरीमा पंत, प्रभारी निरीक्षक देवा अनिल कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# डीएम ने देर सायं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय व सीएचसी केन्द्र कडा का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कल देर सायं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय कड़ा व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कडा का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। वहा पर सारे कर्मचारी मौजूद पाये गये। वहॉ पर खाने की क्वालटी चेक किया खाने की गुणवत्ता ठीक पायी गयी। आवासीय विद्यालय में बच्चों को रहने और पढाई की गुणवत्ता ठीक पायी गयी। जिलाधिकारी ने विद्यालय में कायाकल्प के तहत जो कार्य शेंष है



उन्हें जल्द कराये जाने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा सामु0 स्वा0 केन्द्र कड़ा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होने विभिन्न इकाईयों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय की इमरजेन्सी सेवा सुचारु रुप से संचालित पायी गयी चिकित्सा अधिकारी डा0 सागर विस्वास सरकारी आवास में भोजन करने गये थे वार्ड ब्यय कृष्णा प्रसाद व फार्मासिस्ट शिव सिंह उपस्थित रहे प्रसव इकाई के निरीक्षण के दौरान स्टाफ नर्स श्रीमती मनीषा सिंह व श्रीमती सविता उपस्थित रही चिकित्सालय की साफ-सफाई ब्यवस्था से भी संतोष जनक रही चिकित्सालय परिसर के बाहर बैठे महिलाओं व पुरुषो से भी चिकित्सालय से दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी पूछताछ की तो उन्होने चिकित्सालय से मिल रही अच्छी सुविधाओं की जानकारी दी

## बकेवर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना बकेवर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त कुलदीप पुत्र तिलक सिंह निवासी मोहल्ला आलमपुरा महोबा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।



## गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उ0नि0 योगेश कुमार यादव मय हमराह के द्वारा 01 नफर अभियुक्त नवाबुल पुत्र सूरजपाल निवासी सहिली थाना मलवा जनपद फतेहपुर के कब्जे से 01 किलो 130 ग्राम गांजा (हरा) नाजायज बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



## नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म आरोपी दबोचा गया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना ललौली पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट से सम्बधित वांछित अभियुक्त बबलू पुत्र सुदामा प्रजापति निवासी ग्राम दतौली थाना ललौली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।



## पुलिस ने 2 वारंटी अभियुक्त को पकड़ा



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना असोथर पुलिस द्वारा 2 वारंटी वारंटी अभियुक्त कुलदीप सिंह पुत्र उदयभान सिंह निवासी ग्राम समतपुर मजरे सातो धरमपुर थाना असोथर जनपद फतेहपुर वारंटी अभियुक्त बृजेश सिंह पुत्र सूरज सिंह निवासी ग्राम पुरनिहा मजरे सातो जोगा थाना असोथर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

## चोरी की 2 घटनाओं का खुलासा,3 शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान, नकदी, बाइक बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर कोतवाली नगर पुलिस चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन चोर को गिरफ्तार कर नगदी बाइक बरामद करते हुए जेल भेज दिया।



थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की 2 घटनाओं में 3 अभियुक्तों/शातिर चोर शिवराज पुत्र मनोहर, . उपेन्द्र पुत्र रामखेलावन निवासीगण बड़े मिया बाजार दक्षिण टोला बंकी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी, . सुमित पुत्र कामता प्रसाद निवासी खेवली थाना देवा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 2500/-रुपए नकद, बैल कोल्हू- 05 लीटर के 23 पीस, 02 लीटर के 15 पीस, 01 लीटर के 10 पीस, बावर्ची फिटनेस हेल्थ रिफाइंड 05 लीटर के 05 पीस, 04 अदद लेटर पैड, व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स बरामद किया गया।

## त्योहार को लेकर डीसीपी ने किया पैदल गस्त



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज** । पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत एवं सहायक पुलिस आयुक्त थरवई चंद्र भान सिंह द्वारा रामदल मेला व आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत व शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## पैसों के लेनदेन में युवक की हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** थाना कर्नलगंज पुलिस व एस0ओ0जी0 नगर की संयुक्त टीम द्वारा स्थानीय थाना में पंजीकृत मु0अ0सं0 412/2024 धारा 103(1) से संबंधित एक अभियुक्त नरेंद्र भारतीया उर्फ चिरकु पुत्र स्व0 रामालाल भारतीया निवासी 100/106 स्वराज नगर थाना शिवकुटी कमिश्नरेट प्रयागराज, हाल पता किराए का कमरा निकट हनुमान मंदिर गणेश नगर म्योराबाद थाना कैंट जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर बुधवार को बीएसनल एक्सचेंज बिल्डिंग के अपोजिट खाली मकान के पास थाना क्षेत्र कर्नलगंज से गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशादेही पर युक्त अभियोग से संबंधित आला कत्ल ईंट व कुल 245 रुपए नकद बरामद कर विधिक कार्रवाई करते हुए भेजा जेल।

जानकारी के लिए बता दें कि 10.10.2024 को थाना कर्नलगंज क्षेत्र अंतर्गत मंफोर्डगंज में सड़क के किनारे एक अज्ञात शव होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर जांच की गई तो शव के सिर पर गंभीर चोटें होना पाया गया था। मृतक की पहचान रंजीत भारतीया पुत्र स्व0 अशोक भारतीया निवासी 168 पुराना मंफोर्डगंज थाना कर्नलगंज जनपद प्रयागराज के रूप में पहचान की गई थी। उच्च अधिकारियों के निदेशांनुसार कई पुलिस टीमों का गठन किया गया था पुलिस टीमों द्वारा आईसीसीसी व ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगवाए गए सीसीटीवी कैमरा की सहायता से अभियुक्त की पहचान कर बुधवार को अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया कि वह मजदूरी करता है अभियुक्त व मृतक के बीच रूपयों के लेनदेन को लेकर विवाद था जिस कारण अभियुक्त द्वारा मृतक रंजीत भारतीया की हत्या की थी।

## छात्राओं को विद्यालय में मिशन शक्ति का पढ़ाया गया पाठ

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल नेतृत्व में चलाया जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज 05 के तहत नगर जोन के थाना पुरामुफ्ती महिला उपनिरीक्षकों द्वारा बुधवार को बेगम तारा रशीद स्कूल में जाकर बालिकाओं/छात्राओं को महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए गुड-टच, बैड-टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा यूपी 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्प डेस्क, एण्टी रोमियो स्क्वाड, शक्ति दीदी अभियान व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स एवं कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया । इस दौरान एसीपी धूमनगंज, थानाध्यक्ष पुरामुफ्ती मनोज कुमार सिंह मौजूद रहें।

## महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**नवाबगंज** । पुलिस आयुक्त के निर्देश में पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज-05 के तहत गंगानगर जोन के नवाबगंज थानों में गठित एंटीरोमियों स्क्वाड व महिला उपनिरीक्षक रीना गौतम, उपनिरीक्षक पूजा तिवारी द्वारा महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए गुड-टच, बैड-टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्प डेस्क, एण्टी-रोमियो स्क्वाड, शक्ति दीदी अभियान व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स एवं कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया ।

# तीन थानों की पुलिस ने तीन वारंटी पकड़े

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना तुर्कपट्टी पुलिस टीम द्वारा वारण्टी लक्ष्मी मद्धेशिया पुत्र चौथी मद्धेशिया सा0 धुरिया इमलिया थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना कुबेरस्थान पुलिस टीम द्वारा वारण्टी रफीक पुत्र मुन्सरीफ



साकिन सेखवनिया थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया।



थाना हनुमानगंज पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अलगू पुत्र यदुवंशी



साकिन दरगौली कटहवा टोला थाना हनुमानगंज कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# फूलपुर विधानसभा उप चुनाव : नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों के संग बैठक

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी दायित्वों का निर्वहन पूरी तन्मयता और समय से सुनिश्चित करें। आदर्श आचार संहिता पर जोर देते हुए कहा कि चुनाव आचार संहिता का पालन हर हाल में होना चाहिए। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में फूलपुर विधानसभा उप निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कराए जाने के लिए तैयारियों के सम्बंध में नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ



बैठक हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तन्मयता से करने का फरमान जारी किया। उन्होंने सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वहां सभी जरूरी इंतजाम समय से सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान कामिंकों का समय से प्रशिक्षण कराये जाने एवं मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से कराये जाने का भी निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने मतदान, मतगणना कामिंकों की नियुक्ति, मतदान कामिंकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण से सम्बंधित कार्य, मास्टर ट्रेनर से सम्बंधित प्रशिक्षण, आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने, क्रिटिकल एवं वल्नरेबुल बूथों का चिन्हॉकन, टेण्ट, फर्नीचर एवं वैरिकेडिंग, लाउड स्पीकर तथा प्रकाश व्यवस्था से लेकर टेण्डरिंग आदि से सम्बंधित कार्यों, कंट्रोल रूम, शिकायत मानीटरिंग सिस्टम द्वारा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तथा रिपोटिंग, सी-विजिल सम्बंधी कार्य, सुविधा एवं अनुमति समय से जारी करने सम्बंधी कार्य, सीसीटीवी, पोलिंग पार्टी की रवानगी, वीडियोग्राफी, पोलिंग पार्टी प्रशिक्षण स्थल पर आवश्यक व्यवस्थायें समय से हर हाल में सुनिश्चित किए जाने चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति राजेश सिंह सहित अन्य नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# वृद्धजनों के स्वास्थ्य पर दें विशेष ध्यान : डा अर्पिता सी राज

## राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अरैल की ओर से आधारशिला वृद्ध आश्रम में हुआ व्याख्यान, 110 का स्वास्थ्य परीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** नैनी स्थित आधारशिला वृद्धाश्रम के प्रांगण में क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी डा मनोज सिंह के संरक्षण में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अरैल, प्रयागराज की ओर से आयुर्वेद कैंप एवं संगोष्ठी का आयोजन आज किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अर्पिता सी.राज ने बताया कि अक्टूबर माह इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के स्वास्थ्य के लिए विशेष है। उन्होंने बताया कि चूंकि 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस और 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस" तथा 12 अक्टूबर विश्व अर्थराइटिस डे मनाए जाने की परंपरा है।



प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अर्पिता सी.राज ने बताया कि अधिकांश बुजुर्ग लोग जोड़ों के दर्द, गठिया, कमजोरी, बेचैनी, अनिद्रा, डिमेंशिया, अल्जाइमर जैसी समस्याओं से ग्रसित रहते हैं जिसमें मुख्यतः दैनिक जीवन में सामान्य कार्य करने में दिक्कत, कंपन, याददाश्त संबंधित समस्याएं, क्षणिक स्मृति विन्यास मे असहजता, चीजे रखकर भूल जाना आदि की शुरूआत हो जाती है। उन्होंने बताया कि इसी के साथ - साथ वृद्ध जनों की पाचन शक्ति मद्धिम पड़ जाने से डाइजेशन संबंधित समस्याएं जिसमें पर्याप्त भूख न लगना, स्वाद की कमी, ज्यादातर इरेगुलर बावेल हैबिट जिसमें कभी कांस्टिपेशिन रहना और कभी डायरिया जैसी परेशानियों का सामना करते हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अर्पिता सी राज ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के समकक्ष मानसिक स्वास्थ्य, एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य भी अत्यंत आवश्यक है और उसके उपचार के लिए आयुर्वेद एक सशक्त स्तंभ के रूप में कार्य कर सकता है। इसी सूत्र को स्वीकार करने तथा आयुर्वेद जीवन शैली को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ डॉ. अर्पिता सी राज ने लोगों को पर्याप्त "निद्रा' का महत्व बताया। इस अवसर पर अश्वगंधा, शतावरी, गिलोय, जटामांसी जैसी औषधि तथा पंचकर्म द्वारा अर्थराइटिस से होने वाले लाभ तथा मानसिक स्वास्थ्य में आज के परिवेश में स्ट्रेस जनित, इमोशनल प्रॉब्लम, हाइपर टेंशन द्वारा होने वाली अनिद्रा अर्थात इनसोम्निया जैसी समस्याओं के लिए शिरोधारा जैसी प्रक्रिया द्वारा स्वास्थ्य लाभ के तरीके समझा कर स्थानीय लोगों को लाभान्वित किया। उन्होंने बताया कि लगभग 110 लोगों का बीएमडी चेकअप, ब्लड प्रेशर तथा वजन मॉनिटर करते हुए औषधि वितरण में वार्ड बॉय राजमणि तथा अन्य स्टाफ ने आयुर्वेद औषधि वितरण में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया। आधारशिला वृद्ध आश्रम के संचालक विपिन गिरी, डॉ पूनम मित्तल, रमेश तथा यश ने कैंप में सहयोग किया।

## एयरपोर्ट पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** डीसीपी नगर अभिषेक भारती के निर्देश पर एयरपोर्ट पुलिस थाना क्षेत्र के एक नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को बुधवार गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक एयरपोर्ट अरुण कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे वांछित अभियुक्त कुलदीप पटेल पुत्र संतोष पटेल निवासी ग्राम बरीहा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को बजहा रेलवे अण्डरपास थाना क्षेत्र एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया।

## महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत किया गया कार्यक्रम



**सबसे तेज प्रयागराज**
**नवाबगंज/प्रयागराज।** रामयश महाविद्यालय मलाक बलऊ नवाबगंज प्रयागराज में बुधवार को महाविद्यालय परिसर में मिशन शक्ति फेज 05 के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के विषय भर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अधिकारी विवेक मिश्रा रहे, कार्यक्रम में सभी सेवक/सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 के0 ए0 श्रीवास्तव, डॉ0 राजीव मणि तिवारी सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15 हजार रुपए के इनामियां गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 15 हजार रुपए के इनामियां अभियुक्त पवन राजपूत पुत्र रामसागर लोध निवासी सिहाली थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को बस अड्डा के पास बाराबंकी से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त का एक गैंग है जो अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर चोरी जैसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त है। अभियुक्त की गिरफतारी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा 15,000/- रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## रामलीला सामाजिक जिम्मेदारियों का कराती है एहसास : रुचि तिवारी , शिवसेना प्रदेश सचिव ने मेजा के बरसैंता में रामलीला का शुभारंभ, पक्के मंच का किया उद्घाटन



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** शिव सेना की प्रदेश सचिव श्रीमती रूचि अभिषेक तिवारी ने मेजा के बरसैता (पाल बस्ती) में बाल रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला का शुभारंभ एव कमेटी और जन सहयोग से बनाएं गए पक्के मंच का उद्घाटन किया। शिव सेना की प्रदेश सचिव श्रीमती रूचि अभिषेक तिवारी ने कहा कि रामलीला की परंपरा हमें न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ती है,बल्कि हमें हमारी सामाजिकति, परंपराओं और जिम्मेदारियों का भी एहसास कराती है। उन्होंने कहा कि रामलीला के माध्यम से हम सभी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों का स्मरण करते हुए उनके दिखाएं मार्ग पर चलते हैं। शिव सेना प्रदेश सचिव श्रीमती रूचि अभिषेक तिवारी ने कहा कि रामलीला सिर्फ.एक मंचन मात्र नहीं बल्कि धर्म, सत्य और कर्तव्य का जीवंत उदाहरण है। प्रभु श्रीराम के जीवन से हमें सच्चाई, अनुशासन और समर्पण की सीख मिलती है।। इस मौके पर प्रधान राधे निषाद , बीबीसी राकेश तिवारी , अध्यक्ष कमेटी रामलीला संगम लाल, जिला प्रमुख शिवसेना सोनू सेठ, राधेश्याम पाल, विकास तिवारी विक्की, गिरीश द्विवेदी, ब्रजेंद्र पांडेय, मनोज आदिवासी, नंदलाल निषाद अन्य ग्रामवासी भी उपस्थित थे। रामलीला कमेटी के संयोजक सुब्बा लाल पाल ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# फूलपुर विधानसभा उप चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों संग हुई बैठक

# चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन हर हाल होगा

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** राजनैतिक दलों खासकर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी समेत उनके सहयोगियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन करना अनिवार्य होगा। यह बातें बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में स्पष्ट तौर पर कही।कलेक्ट्रेट के संगम सभागार में आयोजित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में शुचिता पूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने और उनसे सहयोग करने पर भी जोर दिया गया।

बताया गया कि निर्वाचन की



अधिसूचना 18 अक्टूबर, नाम निर्देशन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, मतदान 13 नवंबर एवं मतगणना 23 नवंबर, को होगी। फूलपुर उपचुनाव में 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 4 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए जायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने बताया कि फूलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदेय स्थल 435, मतदान केंद्र की संख्या 215, बीएलओ 435 एवं सुपरवाइजर 46 है। चुनाव संपन्न कराने को 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 4 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की जा रही है। व्यय संबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु अनुवीक्षण कंट्रोल रूम एवं कॉल सेंटर की स्थापना कोषागार परिसर में की जा चुकी है। डिस्ट्रिक कान्टैक्ट सेन्टर, कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। उसका नंबर 1950 एवं 0532-2644024 है। उन्होंने बताया कि फूलपुर विधानसभा उप निर्वाचन 2024 हेतु स्ट्रांग रूम मुण्डेरा मंडी प्रयागराज में बनाया जाएगा। मतगणना भी उसी परिसर में कराई जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा, प्रचार सामग्री के प्रकाशन से पूर्व जनपद स्तर पर प्रचार सामग्री के प्रकाशन हेतु अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अनुमति के बिना प्रचार सामग्री का प्रकाशन एवं जन सामान्य में वितरण आदर्श अचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। शिकायत पाये जाने पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि ऐसा कोई कार्य न करे, जो विभिन्न जातियों, धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच मतभेदों को बढ़ाये, घृणा की भावना व तनाव पैदा करे। उन्होने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल या प्रत्याशी द्वारा मत प्राप्त करने के लिए जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं का प्रचार में प्रयोग न किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन 2024 में लडने वाले उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन व्यय तथा उसके रख-रखाव के सम्बन्ध में निर्वाचन व्यय के लिये अधिकतम सीमा 40 लाख रुपए निर्धारित की गयी है। मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयोजन से धन, शराब या किसी अन्य वस्तु का वितरण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। दैनिक किये जाने वाले खर्च का लेखा जोखा रिर्टनिंग ऑफिसर द्वारा दिये गये रजिस्टर पर किया जायेगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा, डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत, सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओरल कैंसर के सबसे ज्यादा मामले भारत में, लेंसेट की नई रिपोर्ट से सनसनी, ये है इसके लक्षण और बचाव का तरीका



**भारत में ओरल कैंसर के सबसे ज्यादा मामले आते हैं. 2022 में दुनिया में ओरल कैंसर के कुल 3.77 लाख मामले सामने आए जिनमें अकेले भारत में इसके 83 हजार मामले हैं. यहां जानिए ओरल कैंसर के लक्षण और इसके बचाव.**

जिस तरह से भारत को डायबिटीज कैपिटल ऑफ वर्ल्ड कहा जाने लगा है उसी तरह से अब भारत को कैंसर कैपिटल ऑफ वर्ल्ड कहा जाने लगा है. लेंसेट ऑन्कोलॉजी जर्नल की हालिया रिपोर्ट इसकी पुष्टि भी करता है. इस रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण मध्य एशिया में 2022 में ओरल कैंसर के 1.20 लाख मामले सामने आए जिनमें अकेले भारत में 83,400 मामले हैं. विश्व में ओरल कैंसर के 3.77 लाख मामले 2022 सामने आए हैं. रिपोर्ट में दक्षिण मध्य एशिया में भारत की इस भयावह सच को जगजाहिर किया है. रिपोर्ट के मुताबिक भारत में स्मोकलेस तंबाकू का चलन अब भी सबसे ज्यादा है जिसकी वजह से ओलर कैंसर या गले या मुंह का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है.

भारत में ओरल कैंसर के प्रमुख कारण

इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में ओरल कैंसर कैंसर के मामले इसलिए सबसे ज्यादा आ रहे हैं क्योंकि यहां मुंह के कैंसर को जन्म देने वाले कई चीजों का सेवन सबसे ज्यादा होता है. रिपोर्ट के मुताबिक भारत में स्मोकलेस तंबाकू यानी पान, गुटखा, खैनी, सुपारी का सेवन सबसे ज्यादा होता है. कैंसर सर्विलांस ब्रांच के वैज्ञानिक डॉ. हैरिएट रूमगेह का कहना ह कि स्मोकलेस तंबाकू के कई रूप हैं लेकिन भारत में जिस तरह से इसका इस्तेमाल किया जाता है उससे कई बीमारियों के साथ कैंसर की सबसे बड़ी वजह है. रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में कुल ओरल कैंसर का 35 प्रतिशत ओरल कैंसर स्मोकलेस तंबाकू और सुपारी के कारण होता है.

ओरल कैंसर के शुरुआती लक्षण

मायो क्लीनिक के मुताबिक ओरल कैंसर में मुख्य रूप से मुंह के अंदर के भाग, गला, गाल या कान के आसपास लक्षण दिखाई देते हैं. इसमें होठ या मुंह में छाले या घाव होने लगते है जो दवा से ठीक नहीं होती. मुंह के अंदर गालों की सतह पर लाल रंग के पैचेज बनने लगते है. इन सबके कारण दांत ढीले हो जाते हैं. मुंह के अंदर के किसी हिस्सों में गांठ बनने लगता है जो धीरे-धीरे बड़ा होने लगता है. ओरल कैंसर होने पर मुंह और कान में दर्द होने लगता है और कुछ भी निगलने में कठिनाई होने लगती है. ये सारे लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए.

किन लोगों को है ओरल कैंसर का ज्यादा खतरा

जैसा कि उपर कहा गया है कि स्मोकलेस तंबाकू ओलर कैंसर की बहुत बड़ी वजह है. तंबाकू या तंबाकू से संबंधित किसी भी चीजों का सेवन किसी भी तरह से करने वाले को ओरल कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा है. करीब 35 प्रतिशत ओरल कैंसर के मामले तंबाकू और सुपारी के कारण ही होता है. जो लोग गुटखा खाते हैं, उनमें ओरल कैंसर की प्रबल आशंका होती है. इन सबके अलावा सिगरेट पीने वालों, सिगार या पाइप पीने वालों, तंबाकू चबाने वाले को इसका खतरा ज्यादा है. वहीं अगर होंठ में ज्यादा सूरज की रोशनी लगती है तो भी ओरल कैंसर हो सकता है. इसके अलावा कमजोर इम्यूनिटी और एचपीवी वायरस भी ओरल कैंसर का कारण हो सकता है इसलिए इन चीजों से सतर्क रहना चाहिए.

# भागवत की शताब्दी कथा: खतरा, खतरा, खतरा!

आरएसएस ने औपचारिक रूप से जाति-आधारित आरक्षण के अपने विरोध को छोड़ दिया है। उसने औपचारिक रूप से यह स्वीकार करना भी शुरू कर दिया है कि अतीत में दलितों के साथ अन्याय हुआ हो सकता है और इससे उबारने के लिए आरक्षण जरूरी हो सकता है। इसके लिए, वह %बड़ों% से खुद हानि उठाकर भी कुछ उदारता की मांग करने के लिए भी तैयार है।इस दशहरे से आरएसएस का शताब्दी वर्ष शुरू हो गया। इस मौके पर, आरएसएस के वर्तमान सरसंघचालक, मोहन भागवत के संबोधन से बहुत से लोगों ने अगर, शताब्दी पार के आने वाले वर्षों में आरएसएस की दशा-दिशा के बारे कुछ नया सुनने की उम्मीद लगा रखी थी, तो उन्हें जरूर निराशा हुई होगी। वैसे आरएसएस के भागवत काल में, जो काफी हद तक देश में मोदी के शासन का काल भी है, आरएसएस ने अपनी पहले की सार्वजनिक रौशनी तथा विशेष रूप से मीडिया से दूरी बनाए रखने की नीति को जिस तरह से बदला है और मीडिया में अपना पक्ष रखने को अपना एक महत्वपूर्ण काम बनाया है, उसके बाद से सरसंघचालक के आरएसएस के स्थापना दिवस यानी दशहरा के परंपरागत संबोधन का, उसकी दिशा के संकेतक का विशेष महत्व जाता रहा है। फिर भी यह किसी ने नहीं सोचा होगा कि शताब्दी संबोधन में संघ प्रमुख, मोदी राज के क्षमाप्रार्थी बनकर, सिर्फ और सिर्फ उसका बचाव करने की मुद्रा में नजर आएंगे।

बेशक, भागवत के दशहरा भाषण का एक अर्थ यह भी है कि कम से कम इसके बाद, पिछले आम चुनाव में मोदीशाही के फीके प्रदर्शन, भाजपा के 240 के आंकड़े पर अटक जाने तथा बहुमत के लिए एनडीए के अपने सहयोगियों पर निर्भर होकर रह जाने के बाद से मीडिया में लग रही इस आशय की अटकलों पर पूर्ण विराम लग जाना चाहिए कि आरएसएस, मोदीशाही से नाखुश है, वह मोदीशाही पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रहा है, आदि। भागवत के संबोधन से यह स्पष्ट है कि आरएसएस के मोदीशाही से लोगों की नाराजगी को, उस पर अंकुश लगाने का औजार बनाने या कम से कम उससे असंतुष्ट होने की सारी अटकलें झूठी थीं और आरएसएस प्राण-पण से मोदीशाही के साथ खड़ा है। और यह होना ही स्वाभाविक भी था क्योंकि आरएसएस को इसका बखूबी एहसास है कि मोदी राज के कंधों पर चढ़कर ही वह इस स्थिति में पहुंचा है, जहां वह %हिंदू राष्ट्र% (और वास्तव में हिंदू राज) के अपने सपने को तेजी से न सही, रेंगकर ही सही, एक वास्तविकता में तब्दील होते देख सकता है। शताब्दी वर्ष में आरएसएस को %आंशिक हिंदू राज% का गिफ्ट देने वाली मोदीशाही के प्रति, भागवत का इतना कृतज्ञता ज्ञापन तो बनता भी था!

बहरहाल, भागवत कोई साधारण कृतज्ञता ज्ञापन पर ही नहीं रुक गए हैं। वह मोदीशाही के खिलाफ आम चुनाव में सामने आए और उसके बाद से बार-



बार रेखांकित हो रहे, जनता के असंतोष के खिलाफ तलवार बल्कि कहना चाहिए त्रिशूल लेकर मैदान में कूद पड़े हैं। इस त्रिशूल के तीन शूल हैं–खतरा, खतरा और खतरा! भागवत सचेत रूप से अपने इस संबोधन के लिए %खतरा-कथा% का ही चुनाव करते हैं। अपने एक घंटे से लंबे संबोधन में भागवत इसका बखान करते हैं कि कैसे भारत खतरे में हैं, भारत की परंपरा खतरे में है, भारत की संस्कृति खतरे में है, भारत का समाज खतरे में है, भारत का धर्म खतरे में है। और हिंदू शब्द का प्रयोग किए बिना, सबसे बढ़कर इसका बखान करते हैं कि कैसे हिंदू खतरे में है। भारत में ही नहीं, दुनिया भर में ही और इसके लिए वह बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादतियों के बहाने, हिंदुओं को संगठित करने की महत्ता का बखान भी करते हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि खतरे की यह कथा सुनाने में भागवत इस विडंबना पर तनिक भी नहीं हिचकते हैं कि मोदी राज के दस वर्ष में अगर ये खतरे इतने अर्जेंट हो सकते हैं, तो इस राज में आगे ये खतरे और ज्यादा क्यों नहीं बढ़ेंगे? और यह भी बांग्लादेश में अगर हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय, अन्याय है, तो भारत में मोदीशाही में मुस्लिम और ईसाई भी, अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ता अन्याय, अन्याय क्यों नहीं है, जिसके खिलाफ अल्पसंख्यकों का संगठित होकर प्रतिकार करना उचित और जरूरी हो!बहरहाल, भागवत की इस खतरा-कथा की धार, अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने में कुछ भी नया नहीं है। यह तो आरएसएस के डीएनए में ही है। नयी न सही, फिर भी ध्यान देने वाली बात है, इस कथा में समाज के बंटने के खतरे का, जो वास्तव में इ्क्षहदुओं के ही बंटने का खतरा है क्योंकि अल्पसंख्यक तो समाज की उनकी परिभाषा से पहले ही बहिष्कृत हैं, अपेक्षाकृत नया पेच। यह पेच है, समाज के दबे-कुचले तबकों की संगठित होती आवाज के खतरे का। आरएसएस के इतिहास के जानकार बखूबी इस बात को जानते हैं कि मुसलमानों के डर की ही तरह, निचली जातियों के उभार का डर, आरएसएस को उसकी घुट्टी में मिला है बल्कि उसके संगठन की मूल प्रेरणा रहा है। फिर भी, मोदीशाही को हाल के दौर में दलितों-वंचितों की जिस तरह की मुखरता तथा सक्रिय आलोचना तथा विरोध का सामना करना पड़ा है और जिस तरह जातिगत जनगणना का मुद्दा इस परिघटना के केंद्र में आ गया है, उस पर आरएसएस के सरसंघचालक की खास निगाह रही है। इस सबकी अर्जेंसी जरूर नयी है।

बेशक, आरएसएस ने औपचारिक रूप से जाति-आधारित आरक्षण के अपने विरोध को छोड़ दिया है। उसने औपचारिक रूप से यह स्वीकार करना भी शुरू कर दिया है कि अतीत में दलितों के साथ अन्याय हुआ हो सकता है और इससे उबारने के लिए आरक्षण जरूरी हो सकता है। इसके लिए, वह %बड़ों% से खुद हानि उठाकर भी कुछ उदारता की मांग करने के लिए भी तैयार है। लेकिन इन वंचितों का अपने अधिकारों के लिए मुखर होना और बराबरी के अधिकार के आधार पर संगठित होना, उसे हर्गिज मंजूर नहीं है। उसे सबसे बढ़कर इसी में हिंदुओं के बंटने का खतरा दिखाई देता है। यही जगह है जहां भागवत से लेकर मोदी तक, सब एक स्वर से योगी आदित्यनाथ का लगाया नारा दोहराने लगते हैं- %बंटोगे तो कटोगे%। मुस्लिमविरोधी गोलबंदी की इससे नंगी पुकार दूसरी नहीं हो सकती है। इसी पुकार की आड़ में मनुवादी-ब्राह्मणवादी आग्रहों को, एकता की पुकार के नाम पर चलाने की कोशिश की जा रही है, जोकि हमेशा से ही आरएसएस का पैंतरा रहा है। लेकिन, आरएसएस के दुर्भाग्य से वर्तमान राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियां उसे आज सामने आकर जातिगत जनगणना तक का विरोध नहीं करने दे रही हैं। इसलिए, जातिगत जनगणना का जिक्र तक किए बिना, उन राजनीतिक परिस्थितियों के बांटने वाला होने का रोना-धोना किया जाता है।बहरहाल, विभाजन का यह रोना सिर्फ सामाजिक रूप से वंचितों की आवाजों तक ही सीमित नहीं है। मौजूदा शासन की हर प्रकार की आलोचना, उसके हर प्रकार के विरोध को ही, बंटवारे के खाते में डाल दिया गया है। संघ प्रमुख के शब्दों में, %समाज के लिए सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि समाज में विद्यमान भद्रता व संस्कार को नष्ट-भ्रष्ट करने के, विविधता को अलगाव में बदलने के, समस्याओं से पीड़ित समूहों में व्यवस्था के प्रति अश्रद्धा उत्पन्न करने के तथा असंतोष को अराजकता में रूपांतरित करने के प्रयास बढ़े हैं।% वर्तमान व्यवस्था के प्रति नागरिकों से राजशाही की प्रजा जैसी श्रद्धा की मांग करने के साथ ही यह, लोगों की चिंता तथा परेशानियों की सभी आवाजों को, %असंतोष को अराजकता में रूपांतरित करने के प्रयास% बनाने की कोशिश है। इतना ही नहीं, भागवत ने इस %संकट% की अपनी पहचान को, मोदीशाही के राजनीतिक मित्रों-शत्रुओं की पहचान से इस कदर एकरूप कर दिया है कि सभी विपक्ष-शासित राज्य इस %चिंता की बात% के दायरे में आ जाते हैं। %आज देश की वायव्य सीमा से लगे पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख; समुद्री सीमा पर स्थित केरल, तमिलनाडु; तथा बिहार से मणिपुर तक का संपूर्ण पूर्वांचल, अस्वस्थ है।%इस सब के लिए जिम्मेदार आंतरिक शत्रुओं के रूप में कथित वोक, कल्चरल मार्क्सिस्ट आदि के नाम पर, तमाम वामपंथी, प्रगतिशील तथा जनतांत्रिक ताकतों को तो, संघ ने पहले से ही निशाने पर ले रखा था। इन संज्ञाओं के जरिए संघ अपने इन शत्रुओं को एक वैश्विक लड़ाई के खलनायक बनाने की कोशिश करता है। बहरहाल, आरएसएस के शताब्दी वर्ष में इन शत्रुओं को और भयानक बनाने के लिए, अब इनके साथ %डीप स्टेट% का नाम और जोड़ दिया गया है। विडंबना यह है कि अक्सर डीप स्टेट की अवधारणा, जनतांत्रिक व्यवस्था के बाहर से, राज्य को संचालित करने वाली जिस तरह की षडयंत्रकारी, सैन्य-अर्द्ध-सैन्य शक्तियों की ओर इशारा करती है, उसकी परिभाषा में वर्तमान दौर में तो सबसे फिट खुद आरएसएस ही बैठता है।बहरहाल, इस सारे रोने-धोने का एक ही मकसद है, मोदी निजाम के खिलाफ लड़ाई में अवाम को पूरी तरह से निरस्त्र करना। तभी तो मौजूदा निजाम निश्चिंतता से, मेहनतकश अवाम की कीमत पर, उन इजारेदार पूंजीपतियों और उनके देसी-विदेशी सहयोगियों की सेवा करता रह सकता है, जिनके स्वार्थों की अब तक सेवा करता आ रहा था। वर्ना पिछले आम चुनाव ने दिखा ही दिया है कि किस तरह, सांप्रदायिकता के हथियार के सहारे मेहनतकशों को बांटने की उसकी सारी कोशिशें, अवाम की अपने वास्तविक हितों की पहचान के सामने, भोंथरी साबित हो रही हैं। ठीक इसी मुकाम पर संघ अब मोदीशाही का खुलकर बचाव करने के लिए कूद पड़ा है।आरएसएस की स्थापना के शताब्दी वर्ष का भारत के लिए एक सुफल यह भी है कि आरएसएस और मोदीशाही के बीच जो एक झीना सा पर्दा अब तक बनाए रखा जाता था, अब वह भी हट गया है। जो मोदीशाही है, वही आरएसएस है। जो आरएसएस है, वही मोदीशाही है। इस मिथ्या-द्वैध का हटना ही सरसंघचालक मोहन की, नयी भागवत का हासिल है।

संपादकीय

# धार्मिक उन्माद की बलि चढ़ते युवा

उत्तर प्रदेश के बहराइच के महराजगंज कस्बे (महसी तहसील) में दुर्गा विसर्जन पर गाने-बजाने को लेकर दो समुदायों में हुई भिड़ंत से उपद्रव हो गया। एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई, तो वहीं एक गम्भीर रूप से घायल है। इसके कारण पूरे जिले में बवाल मचा हुआ है। जुलूस में शामिल लोगों का आरोप है कि एक घर से उन पर पथराव किया गया इसलिये मामला बिगड़ा। यह भी आरोप है कि एक समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24 वर्ष) नामक युवक को घर के भीतर घसीट ले गये जहां उसको गोली मार दी गई। उसकी वहीं मौत हो गई। उसे बचाने गये 28 साल के राजन को भी गोली मारी गई। वह गम्भीर रूप से ज़ख्मी है। दूसरी तरफ ऐसे वीडियो भी वायरल हुए हैं जिसमें दिख रहा है कि वह युवक (रामगोपाल) एक घर की छत पर चढ़कर इस्लामी झंडा खींचकर गिरा रहा है और उसके साथ ही भगवा झंडा फहरा रहा है। दूसरे पक्ष का कहना है कि मामला इसी कारण से हिंसक टकराव में बदल गया। कई जगहों पर आगजनी हुई है तथा प्रदर्शन किये गये। पुलिस ने कई जगहों पर लाठियां भी चलाई।बहराइच की यह घटना पिछले कुछ वर्षों से युवाओं को भड़काने तथा उन्हें उन्मादी बनाने के व्यापक षड्यंत्र का परिणाम ही प्रतीत होता है। देखा गया है कि धार्मिक जुलूसों के दौरान कुछ न कुछ ऐसा बवाल होता है या पैदा कर दिया जाता है जिससे मुठभेड़ की नौबत आ जाती है। खासकर, मस्जिदों के सामने से गुजरते हुए या समुदाय विशेष के मोहल्लों से निकलते हुए भड़काऊ नारे लगाये जाते हैं या काम किये जाते हैं ताकि दूसरे वर्ग में नाराजगी फैले। पुलिस की कार्रवाई भी कई बार एकतरफा होती है। जिन घरों या इलाकों से पथराव करने के आरोप लगाये जाते हैं, उन क्षेत्रों में गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो जाता है। बहुत से ऐसे वीडियो सामने आये हैं जिनमें पता चलता है कि पुलिस स्टेशनों में उनकी पिटाई भी की जाती है। यह नागरिक अधिकारों का हनन एवं कानूनों का सरासर उल्लंघन है।

ऐसी घटनाएं किन लोगों की शह पर होती हैं, यह इसी बात से समझा जा सकता है कि बहराइच में उन्मादी भीड़ पुलिस प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग और दूसरी तरफ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जय-जयकार कर रही थी। निश्चित रूप से यह खतरनाक स्थिति है। अब तक तो यह भी देखा जाता रहा है कि ऐसे मामले होने पर, वह भी विशेषकर उत्तर प्रदेश में शिकायत दर्ज होते ही, बुलडोज़रों से आरोपियों के घरों को ध्वस्त कर दिया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले के बाद ऐसी गैरकानूनी कार्रवाइयां फिलहाल स्थगित हैं। इसके बावजूद आरोपी, जो एक समुदाय विशेष के होते हैं, अन्य तरीकों से पुलिस एवं प्रशासन के हाथों प्रताड़ित होते हैं।

कहना न होगा कि इनमें से ज्यादातर भारतीय जनता पार्टी एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अथवा उनके किसी अनुषंगिक संगठनों से जुड़े लोग होते हैं।

प्रत्यक्ष तौर पर तो ये धार्मिक जुलूस होते हैं लेकिन इनके पीछे राजनीतिक उद्देश्य निहित हैं। ऐसे जुलूसों के जरिए सियासी मकसद साधे जा रहे हैं- यह बात जुलूस में शामिल होने वालों, खासकर युवाओं को समझनी होगी। इसी मामले को देखें तो इसमें एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। लोगों को इस बात पर गौर करना चाहिये कि बड़े नेताओं के बच्चे ऐसे फसादों से दूर रहकर अपना कैरियर बनाते हैं या फिर अच्छी नौकरियां करते हैं। कम पढ़े-लिखे, ड्रॉप आउट्स, निम्न वर्गीय परिवारों के बच्चों को ऐसे जुलूसों में लाया जाता है। दरअसल ऐसे आयोजन करने वालों के लिये उन लोगों की जानें बहुत सस्ती होती हैं जो उन्हें भड़काकर धार्मिक व पवित्र आयोजनों को हिंसक वारदात में बदलकर ध्रुवीकरण करते हैं और उनका अंतिम लाभ भी उन्हें या उनके राजनीतिक संगठनों को ही चुनावी सफलताओं के रूप में प्राप्त होता है।

पिछले दिनों गणेश विसर्जन के दौरान भी देश के कुछ हिस्सों में इसी तरह की घटनाएं हुईं। उनमें भी एक वर्ग विशेष के लोगों को दोषी ठहराया गया। यह नैरेटिव ही लोगों के दिमागों में बिठा दिया गया कि एक समुदाय विशेष के लोग पत्थरबाज होते हैं। यहां तक कि वंदे भारत जैसी ट्रेन पर पत्थर चलाने वाले कुछ शरारती तत्व थे लेकिन उन घटनाओं को कुछ इस तरह से पेश किया गया कि ये लोग भारत में ही रहकर देश की तरक्की से जलने वाले लोग हैं। इस विमर्श को यहां तक विस्तार दिया गया कि कुछ ट्रेन दुर्घटनाओं का कारण भी इन्हीं तत्वों द्वारा पटरियों में पत्थर रखना बतलाया गया।

विजयादशमी के अवसर पर आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत द्वारा जो भाषण दिया गया, वह इसी मानसिकता को उकसाने वाला था। हिन्दुओं को डराने के उद्देश्य से संघ व भाजपा बहुसंख्यकों को थोड़े से मुस्लिम समुदायों से बड़ा खतरा बताती रही है जिसका अंजाम ऐसी घटनाओं के रूप में होता है।

# वन संरक्षण के देसी उपाय

**दुनिया में जब से खेती का काम शुरू हुआ होगा तभी से वनों का महत्व इंसान की समझ में आया होगा**

खेती-बाड़ी, पानी, हवा, मिट्टी हमारा जीवन है और इसके कारखाने हमारे चारों ओर के जंगल हैं। आदिकाल से ही लोगों ने वन बचाने के लिए वन पंचायतें बनाई हैं। गांव में खेती एवं वन सुरक्षा के लिए चौकीदारी व्यवस्था को महत्व दिया गया था। जंगल पर निर्भर लोगों ने वनों से घास और लकड़ी लेने के नियम भी बनाये थे। इसके संकेत आज भी पहाड़ी और आदिवासी गांवों में दिखाई देते हैं।दुनिया में जब से खेती का काम शुरू हुआ होगा तभी से वनों का महत्व इंसान की समझ में आया होगा। खेती का काम मिट्टी, पानी, गोबर के बिना नहीं चल सकता। गोबर पशुपालन से ही संभव है। पशुपालन तभी तक जिंदा है जब तक जंगल और उसके बीच में चारागाह हैं। पशुओं का गोबर भी अकेला नहीं है। उसमें भी पेड़- पौधों की पत्तियां जब पशुओं के नीचे बिछाई जाती हैं तभी खाद बनतीहै। इसी तरह पानी भी ग्लेशियर और पेड़ों के बीच से ही आता है जो गांव के किनारे नदियों और अन्य जलधाराओं के रूप में धीरे-धीरे बहकर आगे जा रहा है।इसलिए खेती-बाड़ी, पानी, हवा, मिट्टी हमारा जीवन है और इसके कारखाने हमारे चारों ओर के जंगल हैं। आदिकाल से ही लोगों ने वन बचाने के लिए वन पंचायतें बनाई हैं। गांव में खेती एवं वन सुरक्षा के लिए चौकीदारी व्यवस्था को महत्व दिया गया था। जंगल पर निर्भर लोगों ने वनों से घास और लकड़ी लेने के नियम भी बनाये थे। इसके संकेत आज भी पहाड़ी और आदिवासी गांवों में दिखाई देते हैंकई जगहें, खासकर पहाड़ों में जंगल के रास्ते पर लकड़ी के तराजू बने हुए हैं। जब लोग जंगल से घास, लकड़ी लेकर आते हैं तो वन-पंचायत द्वारा नियुक्त चौकीदार हरेक के बोझ को तौलता है। इसका वजन 70-80 किलोग्राम से अधिक होता है तो वन-चौकीदार बोझ से घास या लकड़ी निकालकर अलग करेगा और जिसके बोझ में कम वजन है उसमें मिला देगा। सभी लोग चौकीदार को हर फसल पर अनाज के रूप में मदद करते हैं। जून से सितंबर के बीच चारागाहों में पशुओं को नहीं भेजा जाता। इन महीनों में नई-नई घास और पौधे जंगल में उगते हैं जिनकी सुरक्षा के लिए लोग पशुओं को घर पर रखकर चारे की व्यवस्था करते थे।



ये बातें आजकल स्कूलों में नहीं पढ़ाई जातीं। फलस्वरूप जीवन शैली उस तरह की नहीं है जिससे पर्यावरण स्वस्थ रहे। जीवन को सुखमय बनाने वाली मिट्टी, पानी, जंगल, हवा प्रदूषणमुक्त हो। इस बारे में जितना पढ़ रहे हैं उतना ही हमारा प्रकृति के प्रति विपरीत आचरण सामने आ रहा हैं। ताजुब होगा कि जब न कोई विज्ञान का सिद्धांत था और न कोई पुस्तक और न ही इस तरह की चकाचौंध थी, जैसे कि आज हमारे चारों ओर है, लेकिन मनुष्य ने आदिकाल से ही अपनी खेती-बाड़ी के महत्व के लिए जंगलों का प्रबंधन करना शुरू कर दिया था।वर्ष 1815 से पहले जब अंग्रेज यहां आए थे तो लोग अपनी आजीविका के लिए वनों का प्रबंधन करते थे। उदाहरण ह

ै कि 1850 तक अंग्रेज फ्रेडरिक विल्सन ने गंगा घाटी के उद्गम में स्थित हर्षिल में रहकर तत्कालीन टिहरी नरेश सुदर्शन शाह से सिर्फ 400 रुपये में शंकु धारी वनों का पट्टा ले लिया था। उसने वहां के वनों का अंधाधुंध दोहन किया। गंगा घाटी से तमाम प्रकार की प्रजाति के पेड़ों को काटकर नदी के बहाव के साथ हरिद्वार और वहां से रेलवे लाइन बिछाने के लिए कोलकाता तक पहुंचाया गया। विल्सन ने इसकी आड़ में जंगली जानवरों का शिकार भी किया।

इसी दौरान वर्ष 1823 में गांव की सीमाओं का भी निर्धारण किया गया था जिससे लोगों के अधिकारों को वनभूमि पर सीमित करने का प्रयास आरंभ हुआ था। अंग्रेजों ने इसके लिए वर्ष 1865 में पहला वन-अधिनियम बनाया था। इसके बाद सन् 1877 में वनों की सीमाओं को भी निर्धारित करने का काम हुआ। जिसमें मुनारा बनाकर वन-सीमायें तय की गई थीं। इस प्रक्रिया में खेती की जमीन को छोड़कर संपूर्ण भूमि सुरक्षित वनभूमि के रूप में बदली गई।

अंग्रेजों के इसी कानून के कारण वनभूमि पर लोगों को अतिक्रमणकारी मानने का सिद्धांत लागू हुआ, लेकिन अंग्रेजों की इस व्यवस्था के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने विरोध में वनों को आग के हवाले किया। यह घटना 1915-21 के बीच हुई थी। इसके बाद अंग्रेज शासन ने एक %शिकायत समिति% का गठन कर आरक्षित वनों को %दर्जा एक% और %दर्जा दो% में वर्गीकृत किया। इसमें लोगों के अधिकारों को लौटाने की व्यवस्था की गई।

इसके बाद भी 1925 में %शिकायत समिति% की संस्तुतियों के आधार पर मद्रास प्रेसीडेंसी के कम्युनिटी फॉरेस्ट की तर्ज पर उत्तराखंड में भी पंचायती वन व्यवस्था को आरंभ किया गया। वर्ष 1931 में वन-पंचायत नियमावली बनाई गई जिसका गठन 1932 में प्रारंभ हुआ। उस समय उत्तराखंड में राजस्व ग्रामों की संख्या 13,739 थी। इसके अंतर्गत %दर्जा एक% और %दर्जा दो% के अनुसार आरक्षित वनों के साथ सिविल वनों की भी वन-पंचायत बनाना आरंभ किया गया। सन् 1976 में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 28 के अंतर्गत वन पंचायत नियमावली में संशोधन करके राजस्व विभाग को अधिकार दिए गए। इस संशोधन का बहुत विरोध हुआ। इसके बाद तत्कालीन उत्तरप्रदेश सरकार ने वर्ष 1982 में 19 सदस्यों वाली %सुल्तान सिंह भंडारी कमेटी% बनाई, लेकिन उनके जितने भी संशोधन थे वे स्वीकार नहीं हो सके।

वर्ष 1997 में जब दुनिया में निजीकरण, उदारीकरण, वैश्वीकरण का दौर चरम सीमा पर था तब विश्वबैंक की सहायता से %संयुक्त वन प्रबंधन% योजना लागू की गई। इसको चलाने के लिए वन-पंचायत नियमावली में संशोधन किये गये। जिसके बाद वन-पंचायतों की स्वायत्तता को समाप्त करके वन विभाग के अधीन कर दिया गया और वन-पंचायत सरकार की देखरेख में चलने लगी। इससे हक-हुकूक भी प्रभावित हुए। अनुसूचित जाति के शिल्पकार और %अन्य परंपरागत वन-निवासी% जो रिंगाल और अन्य वन-उत्पाद से आजीविका चला रहे थे, बेरोजगार हुए। उन्हें आजीविका का संकट झेलना पड़ा।

अब उत्तराखंड में ही 12 हजार से अधिक वन-पंचायतें हैं जो सरकारी नियम कानून के आधार पर चलती हैं, लेकिन वे अपने जंगल की आग भी नहीं बुझा पाती। इसका कारण है कि वन और खेती सुरक्षा के जो पुश्तैनी नियम-कानून थे वे हाशिए पर चले गए। इसके चलते बंदर और सुअर जैसे जंगली जानवरों से फसल को बचाना और जंगल पालने की पारंपरिक व्यवस्था भी नहीं बच पाई।

## दिलजीत दोसांझ के कन्सर्ट के ऑनलाइन फर्जी टिकट बेच रहे आरोपित को पुलिस ने दबोचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस की साइबर थाना पुलिस ने 14 अक्टूबर को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से एक ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान कौशिक राज उर्फ अंकित सिंह के रूप में हुई है। आरोपित के पास से पुलिस ने ठगी के 1.35 लाख रुपये से खरीदा मोबाइल, दो अन्य मोबाइल, पांच डेबिट कार्ड, एक स्मार्ट घड़ी बरामद की है। आरोपित 26 अक्टूबर से दिल्ली जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरू होने वाले दिलजीत दोसांझ का दिल-लुमिनाटी इंडिया टूर कन्सर्ट के ऑनलाइन फर्जी टिकट बेच रहा था। दक्षिणी जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि एक व्यक्ति ने नेब सराय थाने में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह दिलजीत दोसांझ के कन्सर्ट की टिकट खरीदना चाहता था। उसके दोस्त ने कौशिक राज के बारे में बताया और कहा कि वह टिकट उपलब्ध करा देगा। पीड़ित ने कौशिक राज का नंबर लेकर उससे संपर्क किया। इसके बाद आरोपित ने पीड़ित को झांसे में लेने के लिए पांच काम्प्लीमेंटरी टिकट ईमेल के जरिए भेजी। उसके बाद आरोपित ने पीड़ित से अपने अकाउंट में टिकट के पैसे ट्रांसफर कराए। टिकट मिलने के बाद पीड़ित उसके झांसे में आ गया। उसने अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के लिए भी टिकट खरीदने की बात कौशिक से की। आरोपित कौशिक ने उसे आसानी से टिकट उपलब्ध कराने का झांसा दिया। पीड़ित ने 11 सितंबर को आरोपित से विभिन्न श्रेणी के 69 टिकट खरीदे।

## विजेंद्र गुप्ता ने विजिलेंस कमिश्नर को लिखा पत्र, मुख्यमंत्री आवास में अवैध निर्माण का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के नेता विजेंद्र गुप्ता ने विजिलेंस कमिश्नर को पत्र लिखा है । पत्र में उन्होंने आम आदमी पार्टी(आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर मुख्यमंत्री आवास में अवैध निर्माण का आरोप लगाया है । उन्होंने कहा कि इसके निर्माण में नियमों का पालन नहीं किया गया । विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस पूरे मामले की जल्द से जल्द जांच की जानी चाहिए । गुप्ता ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर कई नियमों का उल्लंघन किया गया है, जिनमें अनधिकृत तोड़फोड़ के साथ -साथ सरकारी संपत्तियों की बर्बादी भी की गई है । साथ ही वहां अन्य भवनों का निर्माण किया गया है । इन सभी कार्यों में पर्यावरण को भी क्षति पहुंची है । विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया है कि 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित आवास पर अवैध रूप से वी टाइप के 8 फ्लैटस और दो बंगलों को तोड़ दिया गया । इसके अलावा, वहां 8 एकड़ में कॉम्लेक्स बनाया गया है । जिसमें कई नियमों का पालन नहीं किया गया है । विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शीश महल केजरीवाल की बेईमानी का सबसे बड़ा उदाहरण है। यह सब कुछ नियमों और कानूनों को ताक पर रखकर किया गया। उन्होंने इस मामले को लेकर विजिलेंस कमिश्नर (सीवीसी) को पत्र लिखा है और शीशमहल में हुए अवैध निर्माण की जांच कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ।

## पार्क में ओपन जिम का उपकरण गिरने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के मोती नगर इलाके में एक पार्क में लगे ओपन जिम में एक्सरसाइज मशीन टूटकर एक बच्चे के ऊपर गिर गई। घटना में बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल मोती नगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना 13 अक्टूबर शाम की है, जब पुलिस को आचार्य भिक्षु अस्पताल से एक कॉल मिली थी। कॉल में बताया गया था कि चार साल का बच्चा मृत लाया गया है। पूछताछ में पता चला कि बच्चा पार्क में खेल रहा था, तभी ओपन जिम की एक मशीन उसके ऊपर आ गिरी। जिससे बच्चे की छाती में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार मृतक बच्चे की पहचान अरविंद (4) के रूप में हुई है। उसके पिता संजय सऊदी अरब में मजदूरी का काम करते हैं। जबकि मां हाउस वाइफ है और वह नेपाल की रहने वाली है। इस मामले में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने बच्चे के परिजनों को सहायता राशि देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी घटना होने पर भी आम आदमी पार्टी के किसी बड़े नेता ने अब तक कोई बयान नहीं दिया है।

## डीटीसी के सभी कर्मचारी दिल्ली परिवहन निगम मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे

**नई दिल्ली।** के हजारों कर्मचारी अपनी पांच मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं । इसी को लेकर दिल्ली परिवहन निगम के सभी कर्मचारी दिल्ली परिवहन निगम मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। इस बीच एकता यूनियन के अध्यक्ष ललित चौधरी डीटीसी की प्रबंध निदेशक शिल्पा शिंदे एवं दिल्ली सरकार को ज्ञापन देंगे। यह धरना इंद्रप्रस्थ (आईपी) मुख्यालय में चलेगा।एकता यूनियन के अध्यक्ष ललित चौधरी ने कहा कि धरना दिल्ली परिवहन निगम कर्मचारियों की कई मांगों के कारण किया जा रहा है। जिसमें डीटीसी कॉन्टैक्ट कर्मचारियों को स्थाई किए जाने, दिल्ली सरकार के ऑर्डर बेसिक ,डी ए, एवं ग्रेड पे ,लागू किया जाए, निजीकरण पर रोक लगाकर डीटीसी की अपनी बसें खरीदी जाए, अनुकंपा के आधार पर एवं विकलांग कोटे में भर्ती किए गए कर्मचारियों के साथ न्याय संगत उन्हें स्थाई किया जाए। इसके साथ ही चार घंटे पर लगाए गए सभी सफाई कर्मचारियों को आठ घंटे की नौकरी दी जाए एवं सभी का पीएफ ईएसआई चालू किया जाए।

# आईपीएस अधिकारी रुथलेस अप्रोच के साथ देश विरोधी गतिविधियों को समाप्त करें : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सभी युवा आईपीएस अधिकारियों को देश विरोधी गतिविधियों को समाप्त करने के लिए रुथलेस अप्रोच के साथ काम करना होगा।

शाह ने नई दिल्ली में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 2023 बैच (76 आरआर) के प्रोबेशनर्स से संवाद के दौरान कहा कि कोई ऐसा काम नहीं है जिसमें सुधार नहीं हो सकता और कोई ऐसा काम नहीं है जो महत्वपूर्ण नहीं है, अगर वे इसे गांठ बांध लेंगे तो जीवन में बहुत सारी निराशा से दूर हो जाएंगे। शाह ने कहा कि गरीबों, बच्चों और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने से बड़ा कोई काम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि युवा पुलिस अधिकारी जिस जिले के एसपी हो,



वह जिला वर्षों तक उनके अच्छे कामों को याद रखे, वही सबसे बड़ा मैडल होगा। पुलिस का काम करते वक्त हमारे जहन में हमेशा राष्ट्र की सुरक्षा होनी चाहिए और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए हमारे चक्षु हमेशा खुले होने चाहिए। शाह ने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारियों को चिंतन इसलिए करना चाहिए कि उनके तथा उनके बाद आने वाले बैचों पर पूरा दारोमदार है कि हमारा देश एक स्केल बदल कर आने वाली पीढ़ी के लिए पुलिसिंग में प्रवेश करेगा या नहीं। अमित शाह ने कहा कि देश का गृह मंत्री होने के नाते वे निश्चित तौर पर यह कह सकते हैं कि अब किसी में हमारी सीमाओं और हमारी सेना का अपमान करने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले कश्मीर, नार्थ ईस्ट और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र तीन नासूर थे, लेकिन अब हमें इन तीनों जगहों पर हिंसा में 70 प्रतिशत तक की कमी लाने में सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि आज इन तीनों जगहों पर भारतीय एजेंसियों का संपूर्ण वर्चस्व है। शाह ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमारे नागरिकों के मूलभूत अधिकारों की सुरक्षा के लिए पुलिस तंत्र आगे आए। साथ ही देश की सीमाओं के अंदर हो रहे क्राइम को मिनिमाइज करने के लिए पुलिस तंत्र मुस्तैदी बरते और हम अपने नागरिकों को कम से कम समय में न्याय दे पाएं। अमित शाह ने कहा किआज सी सी टी एन एस के माध्यम से देश के 99 प्रतिशत थाने ऑनलाइन हो चुके हैं, ऑनलाइन डाटा जनरेट हो चुका है और तीन नए कानूनों से अनेक प्रावधानों में आमूलचूल बदलाव किया गया है। नए कानूनों में समय पर न्याय, दोष सिद्धि का प्रमाण बढ़ाने और टेक्नोलॉजी के अधिक से अधिक उपयोग पर जोर दिया गया है। वैज्ञानिक साक्ष्य अनिवार्य करने के कारण वैज्ञानिक पहले प्रॉसीक्यूशन को अनेक प्रकार के साक्षी खड़े करने पड़ते थे अब इसकी जरूरत नहीं है और अब साइंटिफिक एविडेंस के आधार पर दोष सिद्ध कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में न्यायिक प्रक्रिया को समयबद्ध किया गया है।

## सांसद इंजीनियर राशिद की अंतरिम जमानत 28 अक्टूबर तक बढ़ायी गयी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित तौर पर आतंकी फंडिंग मामले में शामिल जम्मू-कश्मीर से सांसद शेख अब्दुल राशिद उर्फ



इंजीनियर राशिद की अंतरिम जमानत अवधि 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राशिद की ओर से उनके पिता की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में अनुरोध सुनने के बाद अंतरिम जमानत 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी। इसके साथ ही उनकी नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई भी इसी अवधि तक टाल दी गयी।

## बैंक से 16 करोड़ 95 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गैंग का एक और शातिर गिरफ्तार

एजेंसी

**नोएडा।** नोएडा के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर कार्यवाही करते हुए नैनीताल बैंक से 16 करोड़ 95 लाख रुपये की धोखाधड़ी वाले गैंग के एक और शातिर आरोपी कुलदीप को नोएडा से गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस इस मामले में अब तक 4 करोड़ से ज्यादा की रकम फ्रीज कर चुकी है। इस पूरी घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

बीते अगस्त महीने में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस मामले में 10 जुलाई को थाना साइबर क्राइम नोएडा में मामला दर्ज करवाया गया था। जिसके मुताबिक नैनीताल बैंक के सर्वर को एक्सेस करके बैंक के आरटीजीएस के पूल अकाउंट से 16 करोड़ 95 लाख रुपये की विभिन्न बैंक खातों मे ट्रांसफर करके धोखाधड़ी की गयी थी।इस मामले की जांच के दौरान इस गैंग में शामिल एक खाताधारक को 8 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसी कड़ी में घटना मे शामिल एक



अन्य आरोपी कुलदीप कुमार को 14 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया है।कुलदीप कुमार द्वारा इस मामले में मिले 1 करोड़ 97 लाख रुपये में से 1 लाख 52 हजार रुपये घटना में शामिल अन्य लोगों को दिए गए थे और उसने खुद 5 लाख रुपये लिए थे। पुलिस पूछताछ में उसने बताया है कि उसके द्वारा नैनीताल बैंक से सम्बन्धित धोखाधड़ी की धनराशि को अन्य बैंक खातों में लेकर धनराशि को निकालकर अन्य सहअभियुक्तों तक पहुंचाया गया था। इस घटना को करने के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराये गये थे, घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जी रही है। इस मामले में पुलिस अब तक 4 करोड़ 10 लाख रुपये की धनराशि फ्रीज कर चुकी है।

## केंद्र कालीन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हर प्रयास करेगा : गिरिराज सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध कालीन नगरी भदोही में 47 वें इण्डिया एक्सपो मार्ट यानी अन्तर-राष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारम्भ केंद्रीय सरकार में कैबिनेट एवं कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि भदोही की बेल बूटेदार कालीन का दुनिया भर में जलवा है। उल्लेखनीय है कि भदोही की सांस्कृतिक विरासत एवं बुनाई कौशल को बढ़ावा देने के लिए कालीन निर्यात सवर्धन परिषद सीईपीसी एवं जिला प्रशासन कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी भदोही में आयोजित किया गया है। यह चार दिवसीय यानी 15 से 18 अक्टूबर तक चलेगा।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि भदोही की कालीन दुनिया में विख्यात है। केंद्र सरकार कालीन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कालीन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसको लेकर गंभीर है। कालीनों



का निर्यात बढ़ाने के लिए वस्त्र मंत्रालय हर सम्भव प्रयास में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि भदोही का कालीन उद्योग किसी पहचान का मोहताज नहीं है। भदोही के कालीन उद्योग की प्रशंसा कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। उन्होंने बुनकरों के कला कौशल की भी खूब प्रशंसा किया है। देश के नए संसद भवन में भदोही के कारीगरों के हाथ से बनाई गई कालीन ही लगाई गई है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने भदोही के कालीन उत्पाद को 'वन जिला-वन प्रोडक्ट' के तहत शामिल किया है। दुनिया से निर्यात होने वाली कालीन में सबसे अधिक हिस्सेदारी भारत की है। उसमें भी सबसे अधिक कालीन भदोही से निर्यात की जाती है। मेले के भव्य उद्घाटन के दौरान राज्यमंत्री वस्त्र पवित्रा मार्गरिटा, कैबिनेट मंत्री एमएसएमई यूपी राकेश सचान, सांसद डॉ. विनोद बिंद, पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ,जिलाधिकारी विशाल सिंह व सीईपीसी के पदाधिकारियों साथ अन्तर्राष्ट्रीय कालीन मेला का फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ केंद्रीय मंत्री ने किया।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेलंगाना में नौसेना के वीएलएफ राडार स्टेशन की नींव रखी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में शांति और व्यवस्था बनाए रखना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत की समुद्री सीमाएं निर्धारित करने वाले देशों की ओर से भी समुद्री सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किये जाने चाहिए। भारत के इस प्रयास में सभी मित्र देशों का साथ जरूरी है, क्योंकि यदि एक भी देश छूटा तो समझिए हमारा सुरक्षा चक्र टूटा। भारत तोड़ने में नहीं, बल्कि सबको जोड़ने में विश्वास रखता है, इसलिए हम लोग हर तरीके से सभी मित्र पड़ोसी देशों को साथ लेने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने तेलंगाना के विकाराबाद में नौसेना के वीएलएफ राडार स्टेशन की नींव रखने के बाद शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वीएलएफ स्टेशन के निर्माण से जुड़े सभी हितधारकों को और तेलंगाना सरकार के मुख्यमंत्री ए



रेवंत रेड्डी को धन्यवाद देते हुए हुए कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के लिए यह स्टेशन सैन्य क्षमता का विस्तार करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह वीएलएफ स्टेशन चालू होने के बाद समुद्री बलों के लिए कई दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इस प्रकार का हाई-टेक बुनियादी ढांचा सिर्फ एक सैन्य प्रतिष्ठान में नहीं होता है, बल्कि ये अपनी रणनीतिक भूमिका जैसे राष्ट्रीय महत्व का सिद्धांत देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि साधारण या असाधारण परिस्थिति में किसी भी कमांड सेंटर से जुड़े सभी लोगों के बीच सूचनाओं का निर्बाध प्रवाह होना बहुत जरूरी है और इस प्रकार के संचार के लिए ये केंद्र बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

यह वीएलएफ स्टेशन समुद्री बलों के बीच संचार स्थापित करने की कड़ी में हमारा सबसे अहम प्रयास है। यह हमारे सशस्त्र बलों के कमांड सेंटरों के साथ समुद्र में हमारे जहाजों और पनडुब्बियों के बीच एक मजबूत और वास्तविक समय संचार विकसित करना चाहता है। यह स्टेशन हमारे समुद्री हित को सुरक्षित करने के समान दृष्टिकोण के साथ बनाया जा रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हमारी नौसेना के पास लगभग बहुत से जहाज हैं। भारतीय नौसेना के कई जहाज और अन्य प्लेटफॉर्म पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में उतारे गए हैं।

हमारी नौसेना का क्षेत्र संपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में, पूर्व में मलक्का स्ट्रेट से, पश्चिम में अदन की खाड़ी, फारस की खाड़ी और अफ्रीका के पूर्वी तट तक फैला हुआ है। इतिहास भी इस बात का गवाह है कि जिस देश ने दुनिया में अपनी खास पहचान बनाई, उसने एक बार समुद्र पर अपना दबदबा जरूर बनाया। फ्रांसीसियों, पुर्तगालियों और अंग्रेजों ने समुद्र में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। इस रणनीतिक प्रभुत्व तथा संसाधनों के प्रतिस्पर्धा में अगर भारत को अपना हित सुरक्षित करना है, तो हमारे पास के प्लेटफार्मों और उपकरणों का होना बहुत जरूरी है, उसके साथ-साथ एक संचार प्रणाली का ढांचा भी होना आवश्यक है।

## झारखंड विधानसभा चुनाव : भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति की झारखंड विधानसभा चुनावों पर चर्चा के लिए




बैठक दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में चली है। इसमें पार्टी की चुनावी रणनीति पर विचार किया। बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, झारखंड में पार्टी के चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने दो राज्यों महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। महाराष्ट्र की 288 सीटों के लिए एक चरण में 20 नवंबर और झारखंड की 81 सीटों के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। इसके अलावा आयोग ने 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की है। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।

## सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर विशेष अदालत ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में कथित रूप से शामिल दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रथम लिंक विशेष न्यायाधीश कावेरी बानेगा ने दलीलें पूरी होने के बाद मामले को 18 अक्टूबर को आदेश सुनाने के लिए स्थगित कर दिया। जैन के वकील ने पहले अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया कि गवाहों को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है, और अगर अदालत ने उन्हें नियमित जमानत दी तो भागने का भी कोई खतरा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) 2017 में दर्ज की गयी थी और पांच साल बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 2022 में अभियोजन शिकायत दर्ज की गयी। वकील ने तर्क दिया कि श्री मनीष सिसोदिया 17 महीने तक हिरासत में रहे और उन्हें जमानत मंजूर कर दी गयी।

## परिवहन मंत्री ने फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन और सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के साथ बैठक की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन और सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में वाहन पंजीकरण में देरी, मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स पर गैर-अनुपालन और उच्च-सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) अनुरोधों में बैकलॉग जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। एक बयान में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, दिल्ली में वाहन मालिकों को परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्रों की समय पर डिलीवरी और अनुपालन मानकों का पालन महत्वपूर्ण है। दिल्ली सरकार इन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है, और किसी भी गैर-अनुपालन से सख्ती से निपटा जाएगा। हम इस पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। बैठक के दौरान कैलाश गहलोत ने डीलरों द्वारा स्व-पंजीकरण सुविधा होने के बावजूद, वाहनों के पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) जारी करने में देरी पर चिंता व्यक्त की और परिवहन विभाग को गैर-अनुपालन वाले डीलरों



के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा की अनदेखी करने वाले डीलरों के ट्रेड सर्टिफिकेट रद्द किए जा सकते हैं। श्री कैलाश गहलोत ने नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग को औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। दिल्ली सरकार ने मार्च 2021 में डीलरों द्वारा आरसी छपाई और हाथों हाथ आरसी प्रदान करने की सुविधा शुरू की थी। इसके तहत पहली आरसी 17 मार्च 2021 को जारी की गई थी। सितंबर 2021 तक दिल्ली के सभी स्व-पंजीकरण डीलरों को आरसी प्रिंट करने का अधिकार दिया गया था। दिल्ली में 263 डीलर हैं जो अपने डीलर पॉइंट पर आरसी प्रिंट करने के लिए अधिकृत हैं। जून 2024 तक, डीलरों द्वारा कुल 15,11,428 आरसी प्रिंट की गई थीं। 2021 में 3,07,630 आरसी छपीं, जो 2022 में बढ़कर 4,72,311 हो गईं। 2023 में यह संख्या बढ़कर 4,96,828 हो गई। अकेले जनवरी से जून 2024 तक कुल 2,34,659 आरसी, वाहन मालिकों को हाथों-हाथ जारी की गईं।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किसान विशेष ट्रेन 'शेतकरी समृद्धि' को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए महाराष्ट्र के देवलाली को बिहार के दानापुर से जोड़ने वाली 'शेतकरी समृद्धि' किसान विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

रेल मंत्री अश्विनी ने इस मौके पर कहा कि इस रेलगाड़ी का उद्देश्य महाराष्ट्र के किसानों की उपज को तेजी से देश के अन्य राज्यों तक पहुंचाना है। यह ट्रेन नासिक, मनमाड़, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, और दीनदयाल उपाध्याय सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे किसानों को अपनी उपज को सही समय पर और सही दाम पर बेचने का अवसर मिलेगा। किसान मात्र 4 रुपये प्रति किलो की दर से अपनी उपज को देवलाली और नासिक जैसे इलाकों से बिहार तक भेज सकेंगे। इस ट्रेन में छोटे और बड़े किसानों के लिए पार्सल वैन के साथ-साथ साधारण श्रेणी के कोच भी लगाए गए हैं, जिससे किसान और श्रमिक दोनों को सफर की सुविधा मिलेगी। देवलाली से दानापुर तक की 1,515 किमी लंबी दूरी पर भाड़ा प्रति किलोमीटर, प्रति किलोग्राम मात्र 28 पैसे से भी



कम होगा, जिससे जल्दी खराब होने वाले उत्पादों का कम लागत पर परिवहन संभव होगा। यह गाड़ी न केवल किसानों को नए बाजार उपलब्ध कराएगी बल्कि श्रमिकों को भी सस्ती और सुविधाजनक यात्रा का साधन प्रदान करेगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

वैष्णव ने जोर देकर कहा कि यह पहल एक पायलट प्रोजेक्ट है, अगर यह सफल रहा तो किसानों के लिए और अधिक ट्रेनें चलाने की योजना है। महाराष्ट्र में रेलवे के विकास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि 2014 से पहले वार्षिक वित्त पोषण 1,171 करोड़ रुपये से बढ़कर अब 15,940 करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें 5,870 किलोमीटर लंबी नई रेलवे लाइनों के लिए 41 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और 81,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इसके अतिरिक्त, 132 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है, तथा महाराष्ट्र में 318 फ्लाईओवर और रोड अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा वैष्णव ने महाराष्ट्र में रेलवे परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि मुंबई से विभिन्न स्टेशनों के लिए 11 वंदे भारत एक्सप्रेस स्वीकृत हैं, जिनमें से 6 ट्रेनें वर्तमान में चल रही हैं। उन्होंने बुलेट ट्रेन परियोजना पर भी जानकारी दी, जिसके अंतर्गत महाराष्ट्र, गुजरात, और केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली से गुजरने वाली इस परियोजना के लिए अब तक 350 किलोमीटर पियर फाउंडेशन, 316 किलोमीटर पियर निर्माण, और 221 किलोमीटर गर्डर कास्टिंग का कार्य पूरा हो चुका है। बुलेट ट्रेन परियोजना में समुद्र के नीचे 7 किलोमीटर की सुरंग भी शामिल है, जो भारतीय रेल के आधुनिक और प्रगतिशील दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए ग्रैप-1 को सख्ती से लागू करेगी दिल्ली सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने को लेकर दिल्ली सरकार ने ग्रैप-1 के नियमों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। इस बाबत मुख्यमंत्री आतिशी ने बैठक कर मौजूद हालात की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी से 12 अक्टूबर तक 200 दिनों तक दिल्ली की हवा गुड कटेगरी में रही है, लेकिन पिछले दो दिनों से एक्यूआई पुअर कटेगरी में है। लिहाजा, सोमवार की शाम से ग्रैप-1 के नियम दिल्ली में लागू कर दिए गए हैं। धूल प्रदूषण रोकने के लिए 99 टीमें निर्माण स्थलों का निरीक्षण करेंगी, जबकि पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, एनसीआरटीसी और डीएमआरसी अपने निर्माण स्थलों पर एंटी स्मॉग गन लगाएंगी। पीडब्ल्यूडी, एमसीडी समेत सभी विभाग सड़कों की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर पूरा करेंगे। सीएम ने दिल्ली की जनता से कार पूलिंग, पटाखे व कूड़ा न जलाने और प्रदूषण की सूचना ग्रीन दिल्ली एप पर देने की अपील की है। दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ प्रेसवार्ता कर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि एक्यूआई बढ़ने के कारण सोमवार शाम से दिल्ली में ग्रैप-1 को लागू किया गया है। इस संबंध में मैंने पर्यावरण मंत्री गोपाल राय और दिल्ली सरकार के संबंधित सभी विभागों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा मीटिंग की। बैठक में पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, दिल्ली मेट्रो, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, एनएचएआई, बिजली विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे। बैठक में ग्रैप-1 के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। आतिशी ने कहा कि 13 अक्टूबर को एयर क्वालिटी इंडेक्स 224 के स्तर पर पहुंच गया और 14 अक्टूबर को यह 234 पर पहुंच गया। यानी की पिछले 2 दिन से हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई है। आतिशी ने आगे कहा कि ग्रैप-1 के कार्यान्वयन में एक महत्वपूर्ण हिस्सा निर्माण साइटों पर धूल की रोकथाम है। इस बाबत डीपीसीसी की 33 टीमें, राजस्व विभाग की 33 टीमें और उद्योग विभाग की भी 33 टीमें बनाई गई है। यह सभी 99 टीमें रोजाना प्राइवेट और सरकारी निर्माण साइटों का स्थलीय निरीक्षण कर धूल प्रदूषण की रोकथाम के जारी नियमों के पालन का जायजा लेंगी।

# पहले अक्षय कुमार से पूछो हेलीकॉप्टर पर क्यों आता है...

# अजय देवगन ने Singham Again की रिलीज से पहले लिए सूर्यवंशी के मज़े





Ajay Devgn बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघन अगेन को लेकर सुर्खियों में हैं. रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनी कॉप यूनिवर्स की इस फिल्म का काफी बज देखने के लिए मिल रहा है. अजय देवगन भी अपनी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं. इसी बीच अजय देवगन ने X पर #AskAjay के साथ अपने फैन्स से बातचीत की.अजय देवगन ने अपनी फिल्म की रिलीज से पहले फैन्स से बातचीत करने के लिए X पर एक ट्वीट किया. अजय देवगन ने ट्वीट किया 'शूट करो अपने सवाल' और फैन्स से सवाल पूछने को कहा. इस ट्वीट के बाद अजय देगवन के फैन्स ने तमाम तरह के सवाल पूछने शुरू कर दिए. इसके बाद अजय देवगन ने कुछ लोगों के सवालों का जवाब भी दिया.

**अजय देवगन से फैन्स ने पूछे ये सवाल**

हालांकि फैन्स ने अजय से फिल्म 'सिंघन अगेन' के अलावा भी कई तरह के सवाल पूछे. इसमें लोगों ने अजय देवगन से अक्षय कुमार से लेकर अजय के सबसे चैलेंजिंग सीन और उनके आइकॉनिक फिल्म कैरेक्टर के बारे में सवाल किए. अजय देवगन फैन्स को नाउम्मीद न करते हुए कई सवालों के जवाब भी दिए.

**अक्षय कुमार को बताया 'खिलाड़ी'**

एक फैन्स ने अजय देवगन से सवाल किया कि एक शब्द में अक्षय कुमार सर को डिस्क्राइब कीजिए. इस सवाल के जवाब में अजय देवगन ने लिखा 'खिलाड़ी'. साथ ही आगे लिखा अक्षय कुमार आई लव यू.

**अजय देवगन का सबसे चैलेंजिंग सीन**

वहीं, एक फैन ने अजय देवगन से सवाल किया कि आपने अभी तक जितने भी स्टंट और एक्शन सीन्स किए हैं, इनमें से क्या कोई ऐसा है जो सबसे ज्यादा चैलेंजिंग या यादगार रहा हो ? इस सवाल के जवाब में अजय देवगन ने बताया कि दो बाइक पर खड़ा होना उनके लिए हमेशा सबसे चैलेंजिंग है.अजय देवगन का सबसे चैलेंजिंग सीन

वहीं, एक फैन ने अजय देवगन से सवाल किया कि आपने अभी तक जितने भी स्टंट और एक्शन सीन्स किए हैं, इनमें से क्या कोई ऐसा है जो सबसे ज्यादा चैलेंजिंग या यादगार रहा हो ? इस सवाल के जवाब में अजय देवगन ने बताया कि दो बाइक पर खड़ा होना उनके लिए हमेशा सबसे चैलेंजिंग है.

**गाड़ी घुमाकर क्यों आते हैं अजय देवगन**

इसके अलावा, एक यूजर ने अजय देवगन से पूछा कि आप हमेशा गाड़ी घुमाकर क्यों आते हैं. इस सवाल पर अजय देवगन ने मजाकिया अंदाज में लिखा- पहले अक्षय कुमार से पूछो कि वो हमेशा हेलीकॉप्टर पर लटक के क्यों आता है.

# वो तीन आदमी, जिनको इंडस्ट्री के बारे में सब पता होता है...

# करिश्मा कपूर ने खोली रणबीर कपूर और करीना की पोल



करीना कपूर और करिश्मा कपूर कपिल शर्मा के शो में पहुंची थीं. यहां उन्होंने कई किस्से शेयर किए. एक-दूसरे की टांग भी खींची. दोनों ने एक-दूसरे की शरारतें भी ऑडियंस के सामने रखी. करिश्मा कपूर ने बताया कि करीना बहुत बड़ी गॉसिप क्वीन हैं. उनकी एक टीम है, जिसे इंडस्ट्री के बारे में सब पता होता है. इस टीम में करण जौहर, रणबीर कपूर और करीना हैं.कपिल शर्मा ने जब करिश्मा से पूछा कि करण जौहर ने एक बार बताया था, करीना के पास हर तरह की गॉसिप होती है. उनको सब पता होता है. इसके बाद ही करिश्मा ने करीना का भांडा फोड़ दिया.

**इन तीन लोगों को सब पता होता है**

करिश्मा ने कहा, मैं सबको सच बताना चाहती हूं. ये तीन लोगों का गुट है. इन्हें सिर्फ गॉसिप ही नहीं पता होती, बल्कि इंडस्ट्री में जो भी हो रहा होता है, इन्हें पता होता है. इस टीम में करीना तो हैं ही, साथ में रणबीर कपूर भी हैं.अब करीना कपूर को भी अपने डिफेंस में कुछ कहना था, सो उन्होंने कहा भी. उनके शब्द थे, गॉसिप हम तक खुद आती है. हम किसी को कॉल नहीं करते, किसी तरह की जानकारी निकालने के लिए.

**करीना को सब पहले से पता होता है**

जब करिश्मा अपनी बहन को इंप्रेस करना चाहती हैं, तो वो उन्हें कॉल करके कोई गॉसिप बताती हैं. पर करीना को वो पहले से ही पता होती है. वो करिश्मा से कहती हैं, ये मुझे पहले से पता था, मैं तुम्हें कल बताना भूल गई थी.

**जींस चोर हैं करीना**

अर्चना पूरन सिंह ने भी 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में एक सवाल दोनों बहनों से पूछा. उनका सवाल था कि दोनों एक-दूसरे के कपड़े शेयर करती हैं या नहीं. इस पर करीना का कहना था कि करिश्मा उनसे बहुत पतली हैं, उन्हें उनके कपड़े फिट ही नहीं आएंगे. करिश्मा ने इसमें कपड़ों को लेकर होने वाले बचपन के झगड़े को जोड़ा.




# आलिया, रणबीर कपूर और विकी कौशल के फैन्स के लिए बुरी खबर, इस चीज ने बिगाड़ा भंसाली का खेल



रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल किसी फिल्म में एक साथ हों, तो उस पिक्चर की चर्चा तो बनती है. ऐसी ही फिल्म है संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर'. भंसाली ने तीनों को साथ लाकर सिनेमा लवर्स के लिए एक बढ़िया फिल्म की उम्मीद जगा दी है. इस फिल्म को 2026 में रिलीज किया जाना है.टाइम पर रिलीज करने के लिए फिल्म की शूटिंग जल्द से जल्द शुरू करनी होगी. इसकी शूटिंग अक्टूबर में शुरू होने वाली थी. लेकिन अब इसे एक महीने आगे बढ़ा दिया गया है. ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अब नवंबर के एंड में या फिर दिसंबर की शुरुआत से होगी.

**मुंबई की बारिश ने बिगाड़ा खेल**

संजय लीला भंसाली अपनी फिल्मों में ग्रैंड सेट्स के लिए जाने जाते हैं. 'लव एंड वॉर' में भी कुछ ऐसा ही होने की उम्मीद है. फिल्म का सेट बनाया जा रहा है. लेकिन अभी तक ये पूरी तरह से तैयार नहीं है. बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक मुंबई की बारिश के चलते अक्टूबर की शुरुआत में फिल्म का सेट डैमेज हो गया था. इस कारण से शूटिंग आगे बढ़ा दी गई है.फिल्म का सेट फिर से तैयार किया जा रहा है. भंसाली के दिमाग में सेट की एक इमेज है, वो उसे अचीव करना चाहते हैं. इसमें ही समय लग रहा है. इसलिए फिल्म का शूट अक्टूबर से आगे बढ़ा दिया गया है. अब ये नवंबर या दिसंबर में होगी.

**भंसाली रखेंगे खास वर्कशॉप**

भंसाली को अब फिल्म के लिए और टाइम मिलेगा. वो इस बीच इसकी स्क्रिप्ट पर काम करेंगे, इसे और ज्यादा फाइन ट्यून करेंगे. फिल्म के म्यूजिक पर भी वो और ढंग से लग सकेंगे. इसके अलावा वो रणबीर कपूर, विकी कौशल और आलिया भट्ट के साथ एक वर्कशॉप भी करेंगे. शूटिंग का नया शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा. फिल्म 2026 में ईद के मौके पर रिलीज होगी.

# बाबा सिद्दीकी के जनाजे में क्यों नहीं शामिल हुए शाहरुख खान? क्या सलमान खान हैं वजह?



12 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस घटना को सुनकर राजनीति से लेकर बॉलीवुड तक हर कोई दंग रह गया. बाबा सिद्दीकी को आखिरी बार देखने के लिए लगभग पूरा बॉलीवुड पहुंचा. सलमान खान और शाहरुख खान दोनों ही बाबा सिद्दीकी के काफी करीब थे. जहां एक ओर सलमान खान नम आंखों से बाबा सिद्दीकी को आखिरी बार देखने पहुंचे, तो वहीं शाहरुख खान को बाबा सिद्दीकी के जनाजे में कहीं नहीं देखा गया.सलमान खान से लेकर सोहेल खान, पूजा भट्ट, यूलिया वंतूर, अर्पिता खान, मुन्नवर फारूकी और मन्नारा चोपड़ा जैसी तमाम हस्तियां बाबा सिद्दीकी को आखिरी बार देखने के लिए उमड़ीं. लेकिन शाहरुख खान इस दौरान कहीं नहीं नजर आए. ऐसे में सोशल मीडिया पर कई तरह के सवाल उठने लगे कि बाबा सिद्दीकी के करीबी शाहरुख खान आखिर ऐसी दुख की घड़ी में क्यों नहीं पहुंचे ?

**लोगों को खटकी शाहरुख खान की गैर-मौजूदगी**

बाबा सिद्दीकी को अंतिम विदाई देने के लिए शाहरुख की गैर-मौजूदगी लोगों को काफी खटक रही है. लोग शाहरुख खान पर सवाल खड़े कर रहे हैं कि जहां बॉलीवुड के तमाम सितारे इकट्ठे हुए थे, तो शाहरुख खान ने उनके करीबी होने के बावजूद उन्हें आखिरी बार देखने क्यों नहीं पहुंचे.

**इस मामले से दूर रहना चाहते हैं शाहरुख खान ?**

मीडिया ने कई बार शाहरुख की टीम से कॉन्टैक्ट करने की कोशिश लेकिन उनकी टीम ने इसपर चुप्पी साधे रखी. शाहरुख खान ने भी इस पूरे मामले में दूरी बनाए रखी, क्योंकि ये एक हत्या का मामला है और शायद वो नहीं चाहते कि उनका नाम इसमें घसीटा जाए.

**सलमान खान की वजह से नहीं हुए शामिल ?**

टाइम्स नाउ ने एक सूत्र के हवाले से बताया है कि शाहरुख खान बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में शामिल नहीं होना चाहते हैं और ये मामला सलमान खान से भी जुड़ा हुआ है, इसलिए किंग खान इस मामले से दूरी बनाए हुए हैं. लॉरेंस बिश्नोई का सर्किट कैसे काम करता है, ये जानते हुए शाहरुख खान खुद पर कोई आंच नहीं आने देना चाहते हैं. शायद इसलिए शाहरुख खान ने बाबा सिद्दीकी के जनाजे में न शामिल होने का फैसला लिया.

## एयर प्यूरीफायर संबंधी दावों की जांच के लिए बाजार पर नजर रखेगी सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नई दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों में प्रदूषण को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच एयर प्यूरीफायर विनिर्माता कंपनियों की ओर से किए जाने वाले दावों की जांच के लिए बाजार पर निगरानी रखने की घोषणा की। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की अध्यक्ष और उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। खरे ने कहा कि हम बाजार निगरानी के जरिए यह देखने की कोशिश करेंगे कि इस संबंध में किए गए दावे सही हैं या नहीं। खरे ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। वह एयर फिल्टर पर मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के अनुपालन की जांच करेगा। प्राधिकरण ने यह कदम केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी के एक दिन पहले दिए गए उस बयान के बाद उठाया है, जिसमें कुछ कंपनियों पर अपने उत्पादों के बारे में गलत दावे करने का आरोप लगाया गया था। जोशी ने विश्व मानक दिवस कार्यक्रम में कंपनियों की भ्रामक विपणन रणनीति पर चिंता व्यक्त की थी। मंत्री ने उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर कहा था कि एयर प्यूरीफायर को लेकर झूठे दावे किए जाते हैं, उन पर बहुत कुछ लिखा होता है लेकिन उनमें कुछ नहीं होता। उसमें सिर्फ एक पंखा लगा होता है। फिर भी दावे किए जाते हैं।

## भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रहना चाहिए : आकाश अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रखने की वकालत की। उन्होंने राजधानी के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 (आईएमसी 2024) को संबोधित करते हुए यह बात कही। आकाश अंबानी ने कहा कि भारत में डेटा जनरेशन का पैमाना और स्पीड तेजी से बढ़ी है, जो एआई के साथ और तेजी से बढ़ेगी। इसलिए देश में एआई और मशीन लर्निंग डेटा सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता है। इसके लिए भारतीय कंपनियों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से डेटा सेंटर नीति 2020 के मसौदे को जल्द अपडेट करने का अनुरोध किया।रिलायंस जियो के चेयरमैन ने कहा कि दुनिया उस देश से अचंभित है जो आठ साल पहले 2-जी की गति से रेंग रहा था, अब 5-जी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री को यह आश्वस्त करना चाहूंगा कि 6-जी में भारत का रिकॉर्ड और बेहतर होगा। यूपीआई दुनिया की नंबर वन डिजिटल भुगतान प्रणाली बन गई है। आज भारत दुनिया का एकमात्र बड़ा देश है, जहां मोबाइल डेटा की कीमतें सबसे कम हैं, फिर भी सबसे तेज इंटरनेट है।

## सोने के भाव में लगातार दूसरे दिन गिरावट, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है लेकिन चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,760 रुपये से लेकर 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,290 रुपये से लेकर 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## टाटा समूह पांच वर्षों में विनिर्माण से जुड़ी 5 लाख नौकरियों का करेगा सृजनः चंद्रशेखरन

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि समूह अगले पांच वर्षों में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), बैटरी और संबंधित उद्योगों से जुड़े विनिर्माण क्षेत्र में 5 लाख नौकरियों का सृजन करेगा। चंद्रशेखरन ने इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट की यहां आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यदि भारत विनिर्माण के क्षेत्र में नौकरियां पैदा नहीं कर सकता तो वह विकसित राष्ट्र होने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता। चंद्रशेखरन ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हर महीने 10 लाख लोग कार्यबल में शामिल हो रहे हैं।टाटा संस प्रमुख ने अपने संबोधन में भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य में विनिर्माण की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में हमारे (टाटा समूह के) निवेश, प्रीसीजन मैन्यूफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में हमारे निवेश से मुझे लगता है कि हम अगले पांच वर्षों में 5 लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करेंगे। उन?होंने कहा कि समूह असम में सेमीकंडक्टर संयंत्र और इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी के लिए अन्य कई संयंत्र स्थापित कर रहा है।

# यूएस से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत, 32 हजार करोड़ की डील पर हुए हस्ताक्षर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पिछले सप्ताह अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के सौदों को मंजूरी दी थी। खरीदे जाने वाले ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए देश में ही एमआरओ स्थापित किया जाएगा। भारतीय नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे, जिनके शांतिकालीन निगरानी में गेम चेंजर साबित होने की उम्मीद है। दरअसल, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई थी। खासकर हिंद महासागर



क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। इसी क्रम में प्रीडेटर ड्रोन के सौदे को 15 जून, 2023 को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) से मंजूरी मिली थी। इसके बाद पिछले सप्ताह 10 अक्टूबर को सीसीएस ने भी मंजूरी दे दी।यह अत्याधुनिक ड्रोन सिर्फ भारतीय नौसेना के लिए खरीदे जाने थे, लेकिन बाद में इसे तीनों सेनाओं के लिए 31 ड्रोन खरीदने का फैसला लिया गया। भारतीय नौसेना इस सौदे के लिए प्रमुख एजेंसी है, जिसमें 15 ड्रोन अपनी जिम्मेदारी के क्षेत्र में निगरानी संचालन के लिए समुद्री बल को दिए जाएंगे। इसके अलावा सेना और वायु सेना को 8-8 ड्रोन मिलेंगे। सौदे के पहले चरण में छह ड्रोन तत्काल एकमुश्त नगद भुगतान करके खरीदे जाएंगे। मौजूदा जरूरतों को देखते हुए फिलहाल दो-दो ड्रोन तीनों सेनाओं को दिए जाएंगे। बाकी 24 ड्रोन अगले तीन वर्षों में हासिल कर लिए जाएंगे। तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जाने वाले ड्रोन के लिए दोनों पक्षों ने वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इस सौदे पर हस्ताक्षर किए गए। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की खासियतएमक्यू-9 रीपर ड्रोन को सैन डिएगो स्थित जनरल एटॉमिक्स ने बनाया है, जो लगातार 48 घंटे उड़ सकता है। यह 6,000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक लगभग 1,700 किलोग्राम (3,700 पाउंड) का पेलोड ले जा सकता है। यह नौ हार्ड-पॉइंट्स के साथ आता है, जो हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के अलावा सेंसर और लेजर-निर्देशित बम ले जाने में सक्षम है, जिसमें अधिकतम दो टन का पेलोड है।

## बिकवाली के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती मजबूती के बाद गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की मजबूत शुरुआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में तेजी भी आई, लेकिन पहले घंटे के कारोबार में ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि खरीदारों ने कई बार लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से पूरे दिन शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार करता रहा। दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत और निफ्टी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार में मेटल, ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, एनर्जी और आईटी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी, एफएमसीजी, मीडिया, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल और कैपिटल गुड्स इंडेक्स खरीदारी के सपोर्ट से हरे निशान में बंद हुए। छोटे और मंझोले शेयरों में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद छोटे और मंझोले शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 25 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 463.87 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 463.62 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 25 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

# अडाणी ग्रुप ने यूएस बॉन्ड मार्केट में की वापसी, ग्रीन नोट्स के जरिए जुटाएगी डॉलर

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के जरिए अडाणी ग्रुप ने एक बार फिर अमेरिका के डॉलर बेस्ड बॉन्ड मार्केट में वापसी कर ली है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड 20 साल की अवधि वाले ग्रीन नोट्स (बॉन्ड्स) की बिक्री कर रही है। इन बॉन्ड्स की बिक्री से मिले पैसे का इस्तेमाल पहले से लिए गए उन कर्जों के निपटारे में किया जाएगा, जिनका भुगतान डॉलर में करने की शर्त है। यानी अडाणी ग्रीन एनर्जी ने पहले से विदेशी मुद्रा में जो कर्ज लिए हैं, उनका निपटारा बॉन्ड से मिली राशि के जरिए किया जाएगा। बता दें कि अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के ग्रीन नोट्स को ऐसे समय में बिक्री के लिए लॉन्च किया गया है, जब अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज भी 50 करोड़ डॉलर जुटाने की योजना पर काम कर रही है। बताया जा रहा है कि अडाणी ग्रुप फरवरी 2025 के अंत तक लगभग 1.5 अरब डॉलर के बॉन्ड अमेरिका के बॉन्ड बाजार




में बेच सकता है। इसमें मुख्य रूप से अडाणी ग्रीन एनर्जी के अलावा अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड की ओर से बॉन्ड्स पेश किए जाएंगे। माना जा रहा है कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से लगे झटके के बाद अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने ग्रीन नोट्स को लॉन्च करके अमेरिकी बाजार में अपनी दमदार वापसी कर ली है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से 2023 में अडाणी ग्रुप को काफी झटका लगा था। इस रिपोर्ट के कारण बने निगेटिव माहौल की वजह से अडाणी ग्रुप के मार्केट केपीटलाइजेशन में भी बड़ी गिरावट आई थी। हिंडनबर्ग रिसर्च ने बाद में भी अडाणी ग्रुप पर अलग अलग आरोप लगाए। हालांकि हिंडनबर्ग के ये आरोप अडाणी ग्रुप की चाल को 2023 की पहली रिपोर्ट की तरह अधिक प्रभावित नहीं कर सके।

# पीएम गतिशक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग के लिए एक सुपर इंटेलिजेंस टूल : गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम गतिशक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग के लिए एक सुपर इंटेलिजेंस टूल है। उन्होंने देश के 27 आकांक्षी जिलों के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के जिला संस्करण की लॉन्चिंग के अवसर पर यह बात कही। पीयूष गोयल ने यहां पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम गतिशक्ति के तहत 27 आकांक्षी जिलों के लिए जिला मास्टर प्लान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि गतिशक्ति बुनियादी ढांचे की योजना बनाने के लिए एक सुपर इंटेलिजेंट टूल है। उनहोंने आगे कहा कि पीएम गतिशक्ति मॉडल का उपयोग भविष्य में इंफ्रा प्लानिंग के लिए दुनिया द्वारा किया जाएगा। वाणिज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अगले 18 महीनों में जिला मास्टर प्लान का



विस्तार करके देश भर के 750 से अधिक जिलों को कवर किया जाएगा। गोयल ने शहरों को लॉजिस्टिक्स प्लानिंग तैयार करने में मदद करने के लिए 'भारतीय शहरों के लिए सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश' भी लॉन्च किए। गोयल ने 2003 में गुजरात के सीएम के रूप में गतिशक्ति की अवधारणा बनाने में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता की सराहना भी की।

उल्लेखनीय है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने केंद्र और राज्य सरकारों के गतिशक्ति प्लेटफॉर्म के हितधारकों की एक पूरे दिन की एक बैठक आयोजित की थी, ताकि प्लेटफॉर्म के प्रदर्शन की समीक्षा की जा सके। इसके अलावा केंद्रीय और राज्य स्तर के बुनियादी ढांचा योजनाकारों के लिए और भी अधिक उपयोगी बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया जा सके।

# 'विवाद से विश्वास' योजना के बारे में मार्गदर्शन जारी किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने प्रत्यक्ष कर से संबंधित 'विवाद से विश्वास' योजना 2024 के बारे में मार्गदर्शन जारी किया है। सीबीडीटी ने प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) के रूप में एक मार्गदर्शन नोट जारी किया है।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि सीबीडीटी ने स्पष्टता प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना, 2024 पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) को जारी किया है। मंत्रालय के मुताबिक इस नोट को स्पष्टता प्रदान करने और करदाताओं को योजना के प्रावधानों को बेहतर रूप से समझने में सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि सीबीडीटी ने अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) के रूप में जारी इस पत्र में विवाद समाधान

Central Board of Direct Taxes
(CBDT)

योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र संस्था और भुगतान किए जाने वाले करों से संबंधित विभिन्न सवालों के जवाब दिए हैं। इस मार्गदर्शन नोट को आयकर विभाग के आधिकारिक पोर्टल https://incometa&india.gov.in/news/circular-12-2024.pdf पर देखा जा सकता है। आयकर विभाग ने कहा कि उसे इस योजना के एक अक्टूबर, 2024 को प्रभावी रूप से अधिसूचित होने के बाद विभिन्न प्रावधानों के संबंध में मार्गदर्शन मांगने वाले हितधारकों से कई सवाल मिले हैं। इस योजना को लागू करने के लिए संबंधित नियमों और प्रपत्रों को 20 सितंबर, 2024 को अधिसूचित किया गया है। हालांकि, इस योजना की समाप्ति तिथि अभी अधिसूचित नहीं की गई है। डीटीवीएसवी योजना, 2024 के विस्तृत प्रावधानों के लिए वित्त (संख्या 2) अधिनियम, 2024 की धारा 88 से 99 को प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास नियम, 2024 के साथ संदर्भित किया जा सकता है। 'विवाद से विश्वास' योजना का लाभ वे करदाता उठा सकते हैं, जिनके विवाद या अपील 22 जुलाई, 2024 तक सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण, आयुक्त अथवा संयुक्त आयुक्त (अपील) के समक्ष लंबित हैं। इसके अलावा इनमें रिट और विशेष अनुमति याचिकाएं (अपील) शामिल हैं, चाहे वे करदाता या कर अधिकारियों द्वारा दायर की गई हों। योजना में विवाद समाधान पैनल (डीआरपी) के समक्ष लंबित मामले और आयकर आयुक्त के समक्ष लंबित पुनरीक्षण याचिकाएं भी शामिल होंगी। यदि कोई करदाता योजना का लाभ उठाने के लिए 31 दिसंबर, 2024 से पहले घोषणा दाखिल करते हैं, तो उन्हें विवादित कर मांग का 100 फीसदी भुगतान करना होगा।

## हुंडई के आईपीओ को पहले दिन सिर्फ 18 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन, 17 तक कर सकते हैं अप्लाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के इतिहास में अभी तक का सबसे बड़ा हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया। हालांकि शाम 5 बजे तक इस आईपीओ को सिर्फ 18 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन ही मिल सका था। हुंडई मोटर का आईपीओ 17 अक्टूबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा। इस आईपीओ के जरिए हुंडई मोटर इंडिया 27,870.16 जुटाना चाहती है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 5 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन आया है। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 13 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ है। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 26 प्रतिशत सब्सक्राइब हो चुका है। सबसे अधिक सब्सक्रिप्शन हुंडई मोटर इंडिया के कर्मचारियों के लिए रिजर्व पोर्शन में आया है। कर्मचारियों के लिए रिजर्व पोर्शन में अभी तक 80 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन आ चुका है।

आईपीओ के तहत कंपनी ने इश्यू का प्राइस बैंड 1,865 से 1,960




रुपये तय किया है। 17 अक्टूबर को आईपीओ के क्लोज होने के बाद 18 अक्टूबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा। इसके बाद 22 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर हुंडई मोटर इंडिया के शेयर लिस्ट होंगे।

## कच्चे तेल की कीमत में गिरावट, पेट्रोल-डीजल का मूल्य स्थिर

**नयी दिल्ली।** इजराइल-ईरान जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब 2.30 डॉलर प्रति डॉलर घटकर 76 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 2.27 डॉलर यानी 2.93 फीसदी

**संरक्षक:** संजय शुक्ला, ( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:**

**उपसंपादक:** राकेश द्विवेदी

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारूकी ,

**सहायक संपादक:** रिजवान सैफ खान,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# भारत का वस्त्र उद्योग 2030 तक 35 हजार करोड़ डॉलर का होगा : गिरिराज सिंह

एजेंसी

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही में 47वें अन्तर-राष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारम्भ केंद्रीय सरकार में कैबिनेट एवं कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में वस्त्र उद्योग साल 2030 तक 35 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। एक्सपो में 67 देशों के 500 से ज्यादा आयातक भाग ले रहे हैं।

भदोही में 47वें कार्पेट एक्सपो मार्ट के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है, इस लक्ष्य को पाने में कारपेट उद्योग की भूमिका अहम होगी। श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान में वस्त्र उद्योग 170 मिलियन डॉलर का है जिसे 2030 तक 350 बिलियन डॉलर तक लाया जाएगा। कपड़ा मंत्रालय में इस बढ़ोतरी से 20 लाख मिलियन टन यार्न की जरूरत होगी।



इसमें नेचुरल विस्कोस और रीप्रोड्यूस यार्न की आने वाले दिन में मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कालीन निर्यातक संगठन को इस पर ध्यान रखकर अपनी कार्य योजना बनानी चाहिए। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि कालीन उद्योग को अपना व्यापार 16 हजार करोड़ से 50 हजार करोड़ तक ले जाने की योजना पर कार्य करना चाहिए। दरी और कारपेट चचेरे भाई हैं। लोगों को रोजगार देने वाले इस उद्योग के विकास पर हमारा हर स्तर पर सहयोग रहेगा।

उन्होंने कहा कि कालीन भदोही की विरासत है और तुर्की हमारे सामने कुछ भी नहीं है। हमें इसमें तकनीक का प्रयोग कर अपनी विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य करना होगा। डिजाइन में नया पैटर्न लाकर अपनी विरासत को बढ़ाएं। उत्पादों का खर्च कम करने के लिए भदोही में कच्चे उत्पादन के लिए वूलन मिल लगाना चाहिए और कच्चा मटेरियल बैंक की भी स्थापना होनी चाहिए। गिरिराज सिंह तकनीक पर जोर देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों सहयोग के लिए तत्पर हैं। उन्होंने घोषणा की कि 6 महीने के अंदर एक नया फाइबर पर काम हो रहा है जो जूट और बंबू से मिलकर तैयार होगा। वस्त्र उद्योग के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए उत्पादन को निर्माण स्थान पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां के उद्योग के लिए कच्चा माल गुजरात से बीकानेर और बीकानेर से भदोही आती है। इससे कीमत बढ़ जाती है और इसे कम करने का रास्ता है कि यहां पर कच्चा पदार्थ का निर्माण हो।

# सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद स्थित औषधि कंपनी सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 26 जुलाई, 2024 को सेबी के पास अपना आईपीओ लाने के लिए कागजात दाखिल किए थे। कंपनी की योजना इस आईपीओ के जरिए 500 करोड़ रुपये जुटाने की है।

कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि पूंजी बाजार नियामक सेबी ने उसके आईपीओ लाने को अपनी मंजूरी दे दी है। सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के मुताबिक सेबी ने 9 अक्टूबर को ऑब्जर्वेशन लेटर जारी किया है। कंपनी के 10 रुपये प्रत्येक अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 500 करोड़ रुपये के नए निर्गम और 24 लाख शेयर की बिक्री का प्रस्ताव है।




कंपनी के मुताबिक इन शेयरों में स्वप्निल जतिनभाई शाह के 8.5 लाख इक्विटी शेयर, अशोक कुमार विजय सिंह बरोट के 5.5 लाख इक्विटी शेयर, संगीता मुकुर बरोट के 3 लाख इक्विटी शेयर और प्रकाश एम संघवी के 10 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण भी शामिल है उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद स्थित सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड एक वैश्विक शोध संचालित फार्मास्युटिकल कंपनी है। यह कंपनी विभेदित जटिल फार्मास्युटिकल उत्पादों के विकास और निर्माण में लगी हुई है। कंपनी में प्रमोटरों की हिस्सेदारी 66.67 फीसदी है, जबकि शेष शेयर सार्वजनिक शेयरधारकों के पास हैं।

# गैर बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात मूल्य की बाध्यता हटाने की मांग

**नई दिल्ली**

**इंडियन** राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने केंद्र सरकार से गैर बासमती चावल के निर्यात से न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की बाध्यता को हटाने की मांग की है। फिलहाल गैर बासमती चावल के लिए मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस 490 डॉलर प्रति टन है। चावल के निर्यातकों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चावल की कीमत भारत सरकार की तय न्यूनतम कीमत से भी कम हो गई हैं, जिसके कारण भारतीय कारोबारियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आईआरईएफ का कहना है कि फिलहाल देश में ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) के तहत 235 लाख टन चावल का स्टॉक मौजूद है। इस सीजन में 275 लाख टन अतिरिक्त चावल बाजार में आ जाएगा। इस तरह देश में चावल का विशाल भंडार इकट्ठा हो जाएगा। ऐसे में अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में चावल का निर्यात नहीं किया गया तो इससे किसानों और कारोबारियों को नुकसान होने के साथ ही देश की



आवश्यकता से अधिक बचे हुए चावल के भंडारण और रखरखाव पर भी सरकार को अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा। इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चावल के दाम में लगातार गिरावट आई है। ऐसी स्थिति में भारतीय कारोबारी तभी निर्यात के मोर्चे पर सफलता हासिल कर सकते हैं, जब वे प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य पर चावल को निर्यात के लिए पेश करें। ऐसा तभी हो सकता है। , जब सरकार न्यूनतम निर्यात मूल्य की बाध्यता को समाप्त कर दे, क्योंकि इस बाध्यता की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में अब भारतीय चावल की मांग कम होती जा रही है। चावल की खरीद करने वाले ज्यादातर देश भारत का गैर बासमती चावल खरीदने की जगह कम कीमत में मिल रहे दूसरे देशों के चावल खरीद रहे हैं। अगर ये स्थिति जारी रही तो भारतीय कारोबारियों का स्टॉक फंस सकता है, जिससे चावल निर्यात से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुद्दीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी